हिन्दी दैनिक

# राष्ट्र संवाद

आपका राष्ट्र, आपका संवाद

जमशेदपुर से प्रकाशित

RNI No. : JHAHIN - 01092

rashtrasamvad.com

मूल्य : दो रुपए

जमशेदपुर, मंगलवार,14 अक्टूबर 2025

नगर संस्करण

वर्ष: 02,अंक:142

**सुविचार**

ज्ञान आपके दिमाग का खोराक है । इसीलिए आपका कर्तव्य है कि आप अपने दिमाग को अच्छे से अच्छा ज्ञान हररोज देते रहे ।

अमित शाह ने अशोक गहलोत को जवाब दिया

## जयपुर में बोले- हम जो कहते हैं, वो करते; 2027 के बाद 3 साल के अंदर मिल जाएगा न्याय





जयपुर,एजेंसी। जयपुर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- आज चार लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हुई है। जब यहां पर राइजिंग राजस्थान समिट चल रहा था, मैं भी आया था। मैंने अशोक गहलोत का कमेंट पढ़ा था कि 35 लाख करोड़ के एमओयू तो किए, जमीन पर कितने उतरेंगे उस वक्त तो हमने किसी को जवाब नहीं दिया था। मैं आज गहलोत को कहना चाहता हूं कि ये भाजपा की सरकार है। कांग्रेस की सरकार नहीं है। हम जो कहते हैं, वो करते हैं। मुझे खुशी है कि इतने कम समय में भजनलाल सरकार ने 35 लाख करोड़ में से 7 लाख करोड़ के एमओयू को जमीन पर उतारने का काम किया है। ये बहुत बड़ी उपलब्धि है। देशभर में जो इन्वेस्टमेंट समिट होती है, उसमें एमओयू को जमीन पर उतारने की जो एवरेज दर है, उससे भजनलाल सरकार कई गुना आगे आएगी, इसका मुझे पूरा विश्वास है।इससे पहल शाह ने जयपुर एग्जिबिशन एंड कंवेंशन सेंटर (JECC) में तीन नए आपराधिक कानूनों पर लगी राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। पिछले तीन महीने में शाह का राजस्थान में यह तीसरा दौरा है। वे यहां मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे हैं। शाह ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत मिले निवेश प्रस्तावों में से 4 लाख करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट की नींव रखी। अमित शाह ने करीब 9,600 करोड़ के 1100 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में पीएम सूर्य घर योजना के तहत 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के रजिस्ट्रेशन की भी शुरुआत की।

# आईआरसीटीसी घोटाले में लालू-राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ आरोप तय

**तेजस्वी बोले- शाह ने एक महीने पहले धमकी दी थी चुनाव लड़ने लायक नहीं छोड़ेंगे**

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पटना।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को IRCTC घोटाले में आरोपी मान लिया। अब इस मामले में तीनों के खिलाफ केस चलेगा। कोर्ट ने कहा, लालू की जानकारी में टेंडर घोटाले की पूरी साजिश रची गई। टेंडर में उनका हस्तक्षेप था। इससे लालू परिवार को फायदा हुआ।

उधर लालू ने इन आरोपों को निराधार बताया। यह मामला रांची और पुरी स्थित IRCTC की 2 होटलों के टेंडर में भ्रष्टाचार से जुड़ा है। बिहार चुनाव के बीच यह फैसला लालू और आरजेडी के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। इससे पहले लालू व्हील चेयर पर कोर्ट पहुंचे। राबड़ी और तेजस्वी यादव भी उनके साथ थे। लैंड फॉर जॉब्स मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में आज फैसला टला। कोर्ट अब 10 नवंबर को फैसला सुनाएगा।




इधर, सुनवाई के बाद तेजस्वी यादव ने X पर लिखा- जब तक दंगाई और संविधान विरोधी बीजेपी सत्ता में है और मेरी उम्र है बीजेपी से लड़ते रहेंगे। एक महीना पहले बिहार आकर गृहमंत्री अमित शाह जी हमें धमकी दे रहे थे कि हमको चुनाव लड़ने लायक नहीं छोड़ेंगे। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। हम बिहारी है बिहारी, बाहरी से नहीं डरते।

**तेजस्वी बोले- यह सब राजनीतिक प्रतिशोध है** :तेजस्वी यादव ने कहा, हम इस मामले की कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। हमने शुरू से ही कहा था कि जैसे-जैसे चुनाव करीब आएंगे, ऐसी बातें होंगी। हम अदालत के फैसले का सम्मान करते हैं और अदालत में अपनी बात रखेंगे। जिस व्यक्ति ने रेलवे को 90,000 करोड़ रुपए का मुनाफा दिया, जिसने हर बजट में किराया घटाया, वह ऐतिहासिक रेल मंत्री के रूप में जाने जाते हैं। हार्वर्ड और IIM के छात्र लालू जी से सीखने आए थे। उन्हें मैनेजमेंट गुरु कहा जाता है।

### आगे क्या, कितनी सजा मिलेगी

लालू,राबड़ी और तेजस्वी पर केस चलेगा। लालू यादव पर भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का आरोप है। इसके अलावा, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 120B (आपराधिक साजिश) के तहत आरोप लगे हैं। अगर तीनों के खिलाफ आरोप साबित हुए तो इन्हें एक से 7 साल तक की सजा हो सकती है।

## घाटशीला उपचुनाव के लिए जेएलकेएम जल्द घोषित करेगा प्रत्याशी



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो की अगुवाई में आगामी घाटशीला विधानसभा उपचुनाव पूरे दम खम के साथ उतरेगा। पार्टी की ओर से प्रत्याशी के नाम की घोषणा की जाएगी। यह निर्णय सोमवार को केंद्रीय कार्यालय तोपचांची, गिरिडीह में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो की उपस्थिति में सर्वसम्मति से घाटशिला उपचुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया है।

बहुत जल्द कोल्हान प्रमंडल के घाटशिला क्षेत्र के लोग बैठक कर सर्वसम्मति से प्रत्याशी का चयन कर पार्टी, केंद्रीय कमेटी को भेजेगी। इसे केंद्रीय कमेटी आधिकारिक रूप से प्रत्याशी घोषित करेगी।

महतो ने बताया कि केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो की अगुवाई में घाटशिला विधानसभा के चारों प्रखंड के 300 बूथ में चुनाव जितने के लिए पार्टी पूरी ताकत लगायेगी। इस अवसर पर केंद्रीय पदाधिकारी कोल्हान प्रमंडल के जिला, प्रखंड पदाधिकारी, घाटशिला के गणमान्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## भाजपा ने घाटशिला उपचुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी

**राष्ट्र संवाद संवाददाता ,जमशेदपुर।** भाजपा ने घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इस सूची में पार्टी के वरिष्ठ और दिग्गज नेता जैसे बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास को शामिल किया गया है। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा जारी सूची में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, जुएल उरांव, अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ जैसे नाम भी शामिल हैं। भाजपा इस उपचुनाव में जीत हासिल करने के लिए पूरी ताकत लगा रही है और स्टार प्रचारकों की यह सूची पार्टी की गंभीरता और सक्रिय रणनीति को दर्शाती है।



## आलोक गिरोह के दो सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, हथियार बरामद



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** रांची के मैक्लुस्कीगंज थानान्तर्गत देगा डेगी नदी के पास स्थित ईट भट्ठा के पास पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में प्रभात कुमार राम और संजय कुमार दास शामिल है। इनके पास से एक बाइक, एक कारबाईन, 10 गोली, एक देशी पिस्टल, एक खाली मैगजीन, एक राउटर मोबाइल और आलोक गिरोह लिखा हुआ एक पर्चा बरामद किया गया है। एसएसपी राकेश रंजन ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 12 अक्टूबर को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आलोक गिरोह के सक्रिय अपराधी लेवी वसूलने और किसी गंभीर घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से अवैध हथियार के साथ मैक्लुस्कीगंज थानान्तर्गत देगा डेगी नदी के पास स्थित ईट भट्ठा के पास आने वाले हैं।

ये अपराधी लेवी की राशि लेकर कई ईट भट्ठा मालिकों को उक्त स्थान पर बुलाए हैं। सूचना के बाद ग्रामीण एसपी के निर्देशन में डीएसपी खलारी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम को जल्द उक्त स्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## राजद नेता जयशंकर हत्याकांड के खिलाफ धरना प्रदर्शन, सीबीआई जांच की मांग

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पलामू।** राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता जयशंकर ठाकुर हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने सहित अन्य मांगों को लेकर सोमवार को समाहरणालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। आन्दोलन में संविधान बचाओ मोर्चा, राष्ट्रीय नाई महासभा, नाई संघ ट्रेड यूनियन, पलामू पिछड़ा वर्ग महासभा, समाजिक न्याय परिषद, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा, भीम आरमी समेत आधा दर्जन से अधिक संगठनों के कार्यकर्ता शामिल थे। धरना के माध्यम से हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी, उन्हें फांसी की सजा देने, मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी, 50 लाख रूपये मुआवजा, आवास, पेंशन, परिवार की सुरक्षा की गारंटी, हत्या को वज्रपात से मौत बताने वाले व अभी तक प्राथमिकी के अनुसार जांच नहीं शुरू करने वाले थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग की गयी है।




अध्यक्षता झारखंड क्रांतिमंच के केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु एवं संचालन रविपाल ने किया।

धरना को जुगल पाल, रामनाथ चन्द्रवंशी, अरूण कुमार चन्द्रवंशी, दिलीप मेहता, ईश्वरी मेहता, लवलेश यादव, विश्वनाथ राम घूरा, राजन मेहता एवं अन्य ने संबोधित किया।

**राजद नेता जयशंकर हत्याकांड में पिता-बेटा और भतीजा गिरफ्तार-** राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता जयशंकर ठाकुर हत्याकांड में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में एक परिवार के पिता-बेटा एवं भतीजा शामिल है।

## रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन जेल से निकले बाहर

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** सेना के कब्जे वाली बरियातू की जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में जेल में बंद रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को उच्चतम न्यायालय से मिली जमानत के बाद सोमवार को जेल से बाहर निकले। इससे पहले उनकी ओर से ईडी के स्पेशल जज योगेश कुमार की अदालत में मुचलका दाखिल किया गया। साथ ही उच्चतम न्यायालय की ओर से दिए गए शर्तों का पालन करने का भी लिखित आश्वासन दिया गया। आरोपित छवि रंजन की ओर से कोर्ट में एक-एक लाख रुपये के दो जमानतदार दाखिल किए गए। इसके बाद कोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार के जेल अधीक्षक के पास रिलीज ऑर्डर भेज दिया । इसके बाद वह जेल बाहर निकल गये। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तार किए गए छवि रंजन की जमानत याचिका को उच्चतम न्यायालय ने 10 अक्टूबर को स्वीकार कर लिया था। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की अदालत ने छवि रंजन को शर्तों के साथ जमानत प्रदान की थी। उन्हें ईडी ने 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था और तब से वह जेल में बंद थे। अब जमानत मिलने के बाद उनके बाहर निकलने का रास्ता साफ हो गया है।



## स्वास्थ्य विभाग का बीपीएम रिश्वत लेते गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**लातेहार।** जिले के प्रखंड स्वास्थ केंद्र में पदस्थापित ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर (बीपीएम) सह मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) अजय भारती को पांच हजार रुपये घूस लेते पलामू भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी )की टीम ने सोमवार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद एसीबी के टीम धर्मपुर स्थित उसके आवास ले गई। जहां उसके कमरे की तलाशी ली गई। इसके बाद एसीबी की टीम अजय भारती को अपने साथ पलामू ले गई।



मिली जानकारी के अनुसार बीपीएम अजय भारती ने किसी काम को लेकर एएनएम से 10 हजार रुपये की मांग की थी। इसके बाद इसकी शिकायत एसीबी में की गई थी। एसीबी में शिकायत के बाद मामले की जांच करायी गयी।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा 16 वर्षों से फरार पीएलएफआइ नक्सली जुनूल सांगा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**खूंटी।** उग्रवादी घटना, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, पुलिस पर हमला सहित विभिन्न संगीन धाराओं का वांछित पीएलएफआई नक्सली जुनूल सांगा आखिरकार 16 वर्षों बाद पुलिस के हत्थे चढ गया। तोरपा थाना की पुलिस ने सोमवार को उसे सुनरूई गांव से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पीएलएफआई नक्सली जुनूल सांगा (31) के खिलाफ वर्ष 2009 में तोरपा थाने नामदर्ज मामला दर्ज हुआ था। उसके खिलाफं 147/148/149/ 353/307/414ए 17 सीएलए सहित अन्य धाराओं के तहत तोरपा थाने में 2009 में दर्ज हुआ था। उस समय जुनूल पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य था।

## उत्तर रेलवे ने दिवाली-छठ पूजा पर 30 लाख बर्थ बढ़ाईं

**बुकिंग बंद का स्टेट्स नहीं दिखेगा; पूर्वांचल, बिहार, झारखंड-यूपी के यात्रियों के लिए फायदा**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** उत्तर रेलवे ने दिवाली और छठ पूजा पर घर जाने वाले यात्रियों को तोहफा दिया है। यात्रियों को अब IRCTC (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन) पर टिकट बुक करवाते समय कोच 'रिग्रेट' (बुकिंग बंद) का स्टेटस नहीं दिखेगा। रेलवे ने करीब 30 लाख बर्थ बढ़ा दी हैं।टिकटों की बढ़ती मांग को देखते हुए उत्तर रेलवे ने उन ट्रेनों में कोच बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जहां 'रिग्रेट' स्टेटस मिलने की संभावना है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया, स्टेटस 'रिग्रेट' को लेकर पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है।

रेलवे अधिकारी के मुताबिक, इसका फिलहाल अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।



कहीं-कहीं टिकट बुकिंग में परेशानी हो रही है, जिस पर काम हो रहा है। ट्रेनों में 3000 अतिरिक्त कोच जोड़े गए हैं, जिसकी संख्या यात्रियों की भीड़ को देखते हुए बढ़ाया भी जा सकता है।

अधिकारी ने आगे बताया, त्योहारों के दौरान स्पेशल ट्रेनें पूर्वांचल, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के लिए चल रही हैं। जैसे-जैसे स्पेशल ट्रेनों की घोषणा हो रही है, उनका शेड्यूल भी जारी कर रहे हैं। सामान्य परिस्थितियों में 150 से ज्यादा वेटिंग नहीं सामान्य परिस्थितियों में 150 से ज्यादा वेटिंग टिकट नहीं देते हैं और बुकिंग बंद कर दी जाती है। त्योहारी सीजन पर बुकिंग प्रणाली में नियमों को लचीला बनाते हुए ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की संख्या बढ़ाकर रिग्रेट स्टेटस को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिन ट्रेनों में टिकट की मांग बेहद ज्यादा है, उनमें कोच बढ़ाकर रिग्रेट स्टेटस को हटाने की प्रक्रिया शुरू है। इससे ज्यादा यात्रियों को टिकट बुक करने का अवसर मिलेगा। वेटिंग लिस्ट में फंसे लोगों को भी राहत मिलेगी।



# हंटरगंज पुलिस को मिली दोहरी बड़ी कामयाबी, पिस्टल के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### पिस्टल लेकर बाइक से घूम रहे थे दोनों अपराधी, अब गए सलाखों के पीछे

**चतरा:** चतरा पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने सोमवार को पिस्टल के साथ दो अपराधियों को दबोच कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। चतरा पुलिस कप्तान सुमित अग्रवाल के गुप्त सूचना के आधार पर हंटरगंज थाना पुलिस ने रविवार को बिहार के बॉर्डर गोसाईडीह से दोनों अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी किसी आपराधिक वारदात की योजना बना रहे थे।गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान हंटरगंज थाना क्षेत्र के गोदोबार निवासी नरेश प्रजापति का पुत्र विश्वनंदन कुमार उर्फ रिशु कुमार और बहेरा गांव का जयराम सिंह का पुत्र प्रियांशु कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार चतरा एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि एक बाइक पर तीन संदिग्ध व्यक्ति अवैध हथियार के साथ हंटरगंज से बिहार की ओर जा रहे हैं। सूचना के आलोक में हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। पुलिस ने तीनों बाइक सवार संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखते ही दोनों आरोपी वहां से



भागने लगे, लेकिन तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने उनका पीछा कर मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने अपराधियों के पास से एक देशी पिस्टल के साथ दो मोबाइल बरामद की गई। जिसके उपरांत हंटरगंज थाना में थाना कांड संख्या 175/25 दर्ज कर दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है । फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वे किन लोगों के संपर्क में थे और किस वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे।जबकि एक अन्य मामले में हंटरगंज थाना पुलिस ने गोसाईडीह इलाके से चोरी की यामहा कंपनी की आर 15 मोटरसाइकिल के साथ एक चोर रौशन कुमार सिंह (21 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोर थाना क्षेत्र के बहेरी गांव का रहने वाला है। इस संबंध में थाना कांड संख्या 174/25 दिनांक 12 अक्टूबर 2025 धारा 317(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**एक अपराधी पूर्व में भी जा चुका है जेल**

पुलिस ने बताया कि एक अपराधी पूर्व में भी लुट एवं आर्म्स एक्ट केश में जेल जा चुका है।चतरा एसपी ने बताया कि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण के लिए लगातार गश्त और छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का मानना है कि इन दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी से स्थानीय स्तर पर सक्रिय कुछ आपराधिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। साथ ही, बरामद हथियार की उत्पत्ति और नेटवर्क का भी पता लगाया जा रहा है ताकि भविष्य में ऐसे अपराधों की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। छापेमारी दल में हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार, सब इंस्पेक्टर पुरूषोतम अग्निहोत्री, सङ्क अ ङ्क निरक्षक संजय कुमार समेत गोसईडीह चेक पोस्ट पदाधिकारी, और थाना के सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

# 'युवा' ने किया 'जेंडर मेला' का आयोजन, जेंडर आधारित भेदभाव पर हुई चर्चा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर**।युवा, किशोर-किशोरियों, विकलांगों व समाज में हाशिए पर चल रहे लोगों के लिए कार्यरत संस्था यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन'युवा' ने तीसरे 'जेंडर मेला' का करनडीह के एलबीएसएम कॉलेज में आयोजन किया. बता दें कि पहला मेला पिछले साल एग्रिको क्लब हाउस में और दूसरा पोटका में आयोजित हुआ था. मेले के माध्यम से सभी प्रकार के लोग आकर जेंडर आधारित भेदभाव, परेशानियों और सफलता आदि को लेकर अपनी आवाज साझा करते हैं और इससे 'विविधता का उत्सव' नजर आता है, जहां समानता पर चर्चा होती है. जेंडर मेला का थीम भी यही है--

**'समानता का उत्सव मनाना' और समानता सुनिश्चित करना..**

कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत मुख्य अतिथि प्रभात खबर के संपादक संजय मिश्र ने अन्य विशिष्ट अतिथियों और लोगों की उपस्थिति में बलून उड़ाकर किया उसके बाद एलबीएसएम कॉलेज के छात्र ने स्वागत गीत गाकर



अतिथियों का स्वागत किया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर एलबीएसएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा, अंग्रेजी विभाग की एचओडी डॉ मौसमी पाल, परसुडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार और डालसा की अधिवक्ता प्रीति मूर्मू मौजूद रही.

कार्यक्रम में युवा की सचिव वर्णाली चक्रवर्ती ने युवा संस्था के कार्यों के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि संस्था जेंडर समानता, विकलांगता, सबर, ट्रांस समुदाय समेत सभी अन्य मुद्दों पर कार्य कर रही है. बाल विवाह के खिलाफ लगातार जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं. वर्णाली ने बताया कि कैसे थानों में साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर न होने से विकलांगजनों को दिक्कतें आती है. यहां तक कि रांची हाई कोर्ट में कई मामले इसी वजह से लंबित चल रहे है.

एलबीएसएम कॉलेज के प्राचार्य सह विशिष्ट अतिथि डॉ अशोक कुमार झा ने कहा कि ऐसे नेक कार्यक्रम का हिस्सा बनकर कॉलेज परिवार खुद को खुशनसीब समझ रहा है. उन्होंने कहा कि कॉलेज में जेंडर समानता का माहौल है. लड़का हो, लड़की हो या ट्रांसजेंडर, किसी के लिए कोई बाधा नहीं है, लेकिन सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए कॉलेज प्रशासन खुलासा नहीं करता कि अमुक थर्ड जेंडर है, ताकि छात्र की पढाई बाधित न हो.

एलबीएसएम कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष सह कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ मौसमी पाल ने कहा कि हर किसी को जीने का अधिकार है. वर्क प्लेस, स्कूल कॉलेज में जितने जागरुकता कार्यक्रम होंगे, जेंडर समानता की ओर हम बढते जाएंगे.

मुख्य अतिथि संजय मिश्र ने कहा कि पहले से काफी बदलाव आया है. पहले स्कूल- कॉलेज में ऐसे कार्यक्रमों की परिकल्पना भी संभव नहीं थी. आज स्त्री, पुरूष और ट्रांसजेंडर की बात हो रही है. फिर भी, आगे और रास्ता तय करना है. बिना शैक्षणिक संस्थानों में इन मुद्दों को लेकर जागरुकता फैलाए बदलाव की उम्मीद बेमानी है. उन्होंने कहा कि एलजीबीटीक्यूप्लस के लिए अब तक कोई हिन्दी शब्द नहीं खोजा जा सका है, जिस पर काम करना जरूरी है.

कार्यक्रम का संचालन अंजना देवगम और अन्नी अमृता ने किया. वहीं, अंत में एलबीएसएम की प्राध्यापिका चंदन जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया.

## दीपावली व छठ पर्व को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक,सुरक्षा, स्वच्छता और शांति व्यवस्था के दिए निर्देश




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**सरायकेला** : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में दीपावली और छठ पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर विधि-व्यवस्था और तैयारी से संबंधित बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उप विकास आयुक्त रीना हांसदा, अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार, विभिन्न प्रखंडों के बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी विभाग अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करें ताकि पर्वों के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि पटाखा दुकानों के लिए सुरक्षित स्थल चिन्हित किए जाएं, अग्निशमन उपकरण व सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य रूप से हो।

छठ पर्व को लेकर उन्होंने सभी घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बैरिकेडिंग और अपशिष्ट निस्तारण की समुचित व्यवस्था करने को कहा। संवेदनशील घाटों पर गोताखोर, अग्निशमन वाहन और आपदा प्रबंधन दल की मौजूदगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने सभी विभागों से समन्वयपूर्वक कार्य करने और त्योहारों के दौरान सफाई, रोशनी, यातायात नियंत्रण व स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ रखने को कहा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे प्रशासन को सहयोग दें और दीपावली व छठ पर्व को शांति, सद्भाव और स्वच्छता के साथ मनाएं।

# भाजपा ने जीएसटी बजट उत्सव पर बिस्टुपुर बाजार में चलाया जनसंपर्क अभियान, दुकानदारों से ग्राहकों तक लाभ सुनिश्चित करने का किया आग्रह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी एवं जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा रहे मौजूद

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के बिस्टुपुर मंडल की ओर से सोमवार को जीएसटी कर सुधार के संदर्भ में जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम के तहत बिस्टुपुर बाजार क्षेत्र में पदयात्रा एवं संवाद कर व्यापारी बंधुओं से घटे हुए जीएसटी दरों की जानकारी साझा की और ग्राहकों तक समुचित लाभ सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। भाजपा बिस्टुपुर मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा व अन्य नेताओं ने मुख्यरूप से भाग लिया। इस दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने भ्रमण कर बाजार के दुकानदारों से मुलाकात की और जीएसटी रिफार्म पर चर्चा की। उन्होंने दुकानदारों से आग्रह किया कि इस बचत उत्सव का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाए। इस दौरान दुकानदारों ने अपनी दुकानों पर 'घटी जीएसटी मिला उपहार-धन्यवाद मोदी सरकार' व 'स्वदेशी अपनाओ' का स्टीकर लगाया और स्वदेशी सामान बेचने



का संकल्प लिया। व्यापारी वर्ग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि त्योहारी सीजन में जीएसटी सुधार देश की अर्थव्यवस्था और उपभोक्ताओं दोनों के लिए वरदान साबित होगा। इस अवसर पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि जीएसटी रिफार्म से दुकानदारों और उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है। आज व्यापारी वर्ग से लेकर उपभोक्ता तक सभी स्वदेशी अपनाने की बात कर रहे हैं और यही बदलते भारत की तस्वीर है। कहा कि दीपावली के अवसर पर बाजारों में उत्साह का माहौल दिख रहा है, जो केंद्र सरकार के सुधारात्मक कदमों का परिणाम है। आज देश का व्यापारी और उपभोक्ता दोनों ही आत्मविश्वास से भरे हैं और स्वदेशी को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान दे रहे हैं।

वहीं, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे स्थानीय और स्वदेशी उत्पाद ही खरीदें। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के जीएसटी रिफार्म के बाद दवाई, इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन, सीमेंट, पेंट, जूते, डेयरी प्रोडक्ट, खाद्य सामग्री, चिकित्सा उपकरण, कपड़े, स्टेशनरी जैसे 375 से अधिक सामानों के दाम कम हुए हैं। इसका लाभ उपभोक्ताओं को सीधे मिल रहा है। लिहाजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्यौहार से पहले देशवासियों को डबल डिस्काउंट का तोहफा दिया है।इस अवसर पर जमशेदपुर महानगर उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा, राजीव सिंह, बिष्टुपुर मंडल प्रभारी शैलेन्द्र राय, हरिकिशोर तिवारी, मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी, किशोर ओझा, राकेश, बलराम, राजकुमार साह, सन्नी सिंह, आलोक दुबे, प्रदीप सोनकर, श्याम सिंह, राम महानंद व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बच्चों की मामूली कहासुनी ने लिया हिंसक रूप, दो समुदायों में मारपीट — पुलिस ने संभाली स्थिति



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर,** 13 अक्टूबर। शहर में दीपावली और छठ पर्व की तैयारियों के बीच सोमवार को बिस्टुपुर और साकची थाना क्षेत्र में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई। जानकारी के अनुसार, ट्यूशन पढ़ने गए बच्चों के बीच हुए विवाद में बड़े लोग शामिल हो गए, जिससे स्थिति बिगड़ गई।

आक्रोशित भीड़ ने डीसी लॉउंज सैलून, बिस्टुपुर में तोड़फोड़ की, वहीं आरोप है कि विवाद को शांत कराने के दौरान कुछ लोगों ने हर-वे-हथियार से हमला किया और महिलाओं के साथ बदसलूकी भी की। घटना के बाद करीब एक घंटे तक पुलिस-प्रशासन को हालात काबू में करने में मशक्कत करनी पड़ी।

पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों को अस्पताल भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल क्षेत्र में शांति बनी हुई है, लेकिन सवाल यह है कि बच्चों की मामूली कहासुनी को किसने सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की, इसे लेकर पुलिस की भूमिका पर निगाहें टिकी हैं।

# सरायकेला में अवैध अफीम की खेती रोकने के लिए प्रशासन सक्रिय

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### – हेसाकोचा में जागरूकता शिविर आयोजित

**सरायकेला** : जिले में अवैध अफीम की खेती पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को चांडिल प्रखंड के चौका थाना क्षेत्र स्थित हेसाकोचा गांव में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

शिविर के दौरान ग्रामीणों को अवैध अफीम की खेती के दुष्परिणामों और उससे जुड़ी कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें अवैध अफीम की खेती न करने की शपथ दिलाई




गई। प्रशासन की ओर से इस अवसर पर वैकल्पिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बीजों का वितरण किया गया तथा सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किसानों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और किसी भी परिस्थिति में अवैध खेती न करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

शिविर के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं, जिन पर अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर सरकारी योजनाओं से संबंधित परिसंपत्तियों का वितरण किया गया और स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

इस अवसर पर उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह ने बच्चों से नियमित रूप से विद्यालय जाने की अपील की।

## आनंद सिंह की तीन चार लाईना



फकत रुठने और मनाने में,
खर्च होती जा रही है जिंदगी।
तुम्हारे मान जाने का मुझे,
कोई रास्ता अभी दिखता नहीं।
दागदार चंदा को देख कर,
मुंह पर क्रीम लगाने वालों।
दिल पर जो दाग लगा है,
उसे तुम कैसे छुड़ाओगे।
माना कि जिंदगी में दुश्वारियां हैं बहुत,
पर ये जो रंजोगम की स्याही पसरी है।
इसी से मीर, ह्यमीरह्व हो गए और
गालिब ह्यगालिबह्व,
जमाने से अभी उजियारा खत्म हुआ तो नहीं है।

**मेरे बारे में**

मैं आनंद हूं. लिखता-पढ़ता आनंद. पत्रकार आनंद. कवि आनंद. प्रयोगधर्मी आनंद. आनंद ही आनंद. पत्रकारिता में आनंद. साहित्य में आनंद.

फोन:7307071539

## सार-संक्षेप

### फ्लाई ऐश गीला राख सड़कों में गिराने वाले कई वाहनों को पुलिस ने किया जब्त

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**चतरा:** टंडवा एनटीपीसी से उत्पादित गीला राख की ढुलाई के दौरान आम सड़कों में गिराने वाले कई ट्रांसपोटिंग वाहनों के विरुद्ध सोमवार को टंडवा पुलिस प्रशासन ने शिकायत के आलोक में त्वरित कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल उरांव की टीम ने लगभग आधा दर्जन वाहनों में ढुलाई के दौरान अनियमितता पाये जाने पर अग्रतर कार्रवाई की तैयारी में जुटी है। जिससे संबंधित कारोबारियों व बिचौलियों में हड़कंप मचा हुआ है। विदित हो कि पिछले दिनों बिंगलात, उड़सू, सेरनदाग, किसुनपुर, पांडे मोड़ समेत अन्य जगहों में सड़कों पर बड़े पैमाने में राख गिराये जाने से राहगीरों व सड़क किनारे रहने वाले ग्रामीणों को भारी असुविधा हो रही थी। बहरहाल, सूत्रों की मानें तो गाड़ियों को छुड़ाने के लिये बिचौलिये दफ्तरों में परिक्रमा कर रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन के प्रति निरंतर कार्रवाई की गुहार लगाते हुवे आभार व्यक्त किया है।

### खरीक-मरमदिरी सड़क निर्माण में बरती गई घोर अनियमितता

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतरा:** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चौर-तुरी भाया खरीक-मरमदिरी तक लगभग नौ करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सड़क निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितता उजागर हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार ने मानकों की खुलेआम अनदेखी कर सड़क का निर्माण कार्य किया है। जानकारी के अनुसार, लगभग 6.28 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कौलेश्वरी इंफ्राकॉन्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी द्वारा कराया गया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद सड़क किनारे फ्लैंक (किनारे की मिट्टी भराई) अब तक नहीं किया गया है। वहीं, कई स्थानों पर सड़क से गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर एक से डेढ़ फीट तक गड्ढे बने हुए हैं, जिससे आवागमन में लोगों को भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य में ठेकेदार ने पूरी मनमानी की है और कार्यपालक अभियंता की मिलीभगत से घटिया काम कराया गया है। ग्रामीणों में इसको लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने उपायुक्त कीर्तिश्री जी से मामले को स्वतः संज्ञान में लेकर जांच कराने तथा दोषी संवेदक और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। सड़क निर्माण में इस तरह की लापरवाही से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की साख पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### चतरा में पीडीएस संचालक पर मनमानी का आरोप

**कार्डधारकों को धमकाया जाता है जहाँ जाना है जाओ, कुछ नहीं होगा**

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतरा:** शहर के घासी मोहल्ला के पीडीएस संचालक शीला देवी के पति के कार्यशैली से कार्डधारी काफी परेशान हैं। जब कार्डधारी राशन के लिए जाते हैं तो डीलर के पति कब द्वारा अक्सर तू तू मैं मैं करते देखा जाता है। कार्डधारी ने बताया की जब राशन के लिए जाते हैं तो बोला जाता है कि कल आना तो दो दिन बाद आना। कहा जाता है कि आठ बजे से एक बजे तक ही दुकान खुलता है। आज नहीं मिलेगा। जिसे लेकर अक्सर कार्डधारकों के बीच तू तू मैं मैं होते रहता है। उनके द्वारा कार्डधारकों को धमकाया भी जाता है कि जहाँ जाना है जाओ कुछ होने वाला नहीं है। इस मामले में डीलर ने कहा की 8 बजे से 2 बजे तक ही राशन दुकान खुलता है। कार्डधारी दो बजे के बाद आते हैं तो राशन कहा से मिलेगा।

### ट्रैफिक पुलिसकर्मी की मौत पर भाजपा नेता अंकित आनंद ने जताया दुख, सीएम से परिजनों को 1 करोड़ मुआवजा देने की माँग

राष्ट्र संवाद संवाददाता




जमशेदपुर में ट्रैफिक जांच के दौरान घायल हुए होमगार्ड जवान की मौत पर भाजपा नेता अंकित आनंद ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल ट्विटर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ और पुलिस मुख्यालय को टैग करते हुए लिखा कि सरकार मृतक के परिजनों को 1 करोड़ का मुआवजा दे। आनंद ने कहा कि ट्रैफिक जांच के दौरान पुलिसकर्मियों को उचित सुरक्षा संसाधन और बैरिकेड की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने इसे मानवाधिकारों से जुड़ा मुद्दा बताते हुए पुलिसकर्मियों की सुरक्षा पर गंभीर चिंता जताई और कहा कि कर्तव्यनिष्ठ जवान की प्राणांत घटना अत्यंत अफसोसजनक है।

### कांग्रेस के महासचिव राजेश राम ने हरीना में वोट चोर गदी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया

**कतरास**।दिनांक 13 अक्टूबर 20 25 को संध्या में कांग्रेस के धनबाद महासचिव राजेश राम ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन लोकतंत्र की रक्षा एवं वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम चलाया गया राजेश राम ने कहा कि ₹वोट चोर गद्दी छोड़₹ हस्ताक्षर अभियान राष्ट्रव्यापी अभियान है यह लोकतंत्र की रक्षा और जनमत के सम्मान की बुलंद आवाज है। यह अभियान उस मूल लोकतांत्रिक सिद्धांत पर आधारित है की जनता क्या मत ही सर्वोच्च होता है। नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी लोकतांत्रिक मूल्यो,संविधान की गरिमा और जनता के अधिकारों की रक्षा के इस संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। श्री राम ने आगे कहा कि इस अभियान में कांग्रेस जनों को आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी का कर्तव्य है की हस्ताक्षर अभियान से जुड़े और इस संघर्ष में एकजुट होकर राहुल जी का साथ दें ताकि देश में सच्चे लोकतंत्र की स्थापना सुनिश्चित कर सकें।मौके पर जिला उपाध्यक्ष टीपी पांडे, मंडल अध्यक्ष दयाल महतो , इत्यादि मौजूद थे।

आवश्यकता है

राष्ट्र संवाद मासिक, वेब पोर्टल, साप्ताहिक और दैनिक अखबार के लिए झारखंड-बिहार में हर जिले के लिए पत्रकार की जरूरत है। इसके अलावा पत्रकारिता का शौक रखने वाले चाहे वह अन्य किसी भी राज्य से हो, संपर्क या ईमेल कर सकते हैं।




:: संपर्क ::
9431977839
9102339999

ईमेल : rashtrasamvadgroud@gmail.com

# घाटशिला विधानसभा चुनाव 2025 : अधिसूचना जारी, नामांकन शुरू – 11 नवंबर को मतदान, 14 नवंबर को मतगणना

राष्ट्र संवाद संवाददाता

झारखंड विधानसभा चुनाव 2025 की घोषणा के साथ ही घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में चुनावी प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने डीसी ऑफिस सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अधिसूचना जारी की और चुनाव की पूरी रूपरेखा प्रस्तुत की।

उन्होंने बताया कि नामांकन भरने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है, जो 21 अक्टूबर (मंगलवार) तक चलेगी। नामांकन घाटशिला एसडीओ सुनील चंद्रा के कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जा सकेगा। नामांकन पत्रों की जांच 22 अक्टूबर को की जाएगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में मतदान 11 नवंबर (मंगलवार) को होगा और मतगणना 14 नवंबर (शुक्रवार) को जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित कोऑपरेटिव कॉलेज में संपन्न होगी। पूरी निर्वाचन प्रक्रिया 16 नवंबर (रविवार) तक पूरी कर ली जाएगी।




**चुनाव संचालन व्यवस्थाः**

चुनाव संचालन के लिए एसडीओ सुनील चंद्रा को रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) बनाया गया है, जबकि धालभूमगढ़ के सीओ मनोहर लिंडा, घाटशिला की बीडीओ उनिका शर्मा और सीओ अंबर निषाद को असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) की जिम्मेदारी दी गई है।

**मतदाता संख्या और बूथ व्यवस्थाः**

घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,56,262 मतदाता हैं, जिनमें 1,25,579 पुरुष, 1,31,180 महिलाएं, 3 थर्ड जेंडर और 1 एनआरआई मतदाता शामिल हैं। इनमें 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 16,555 और 85 वर्ष से अधिक आयु के 628 मतदाता हैं।

मतदान के लिए 231 स्थलों पर कुल 300 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। बंगाल सीमा से सटे क्षेत्रों के मतदान केंद्रों के लिए वहां के अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है।

**विशेष प्रावधान और सुविधाएंः**

जिन 24 बूथों पर पिछले चुनाव में मतदान 60 प्रतिशत से कम हुआ था, वहां विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पर्दानशीन महिलाओं वाले बूथों पर महिला कर्मियों की तैनाती की जा रही है और प्रशासन कुछ ह्यऑल वुमन बूथह्व बनाने की योजना में है।

वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी जा रही है। सभी मतदान केंद्रों पर रैंप, टॉयलेट, पीने का पानी, व्हीलचेयर, पैरामेडिकल स्टाफ और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

**आचार संहिता और अनुशासनः**

उपायुक्त ने बताया कि अब तक आचार संहिता उल्लंघन का कोई मामला सामने नहीं आया है। वहीं, कोल्हान विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर के ट्रांसफर मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं।

अधिसूचना जारी होते ही घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में चुनावी हलचल तेज हो गई है। नामांकन प्रक्रिया के शुरू होने के साथ अब सभी की निगाहें 11 नवंबर के मतदान और 14 नवंबर की मतगणना पर टिकी हैं।

# तेजस्वी को फंसाने का जवाब जनता देगी : सुधीर कुमार पप्पू

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** समाजवादी चिंतक एवं वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने कहा कि सामाजिक न्याय के मसीहा लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को फर्जी मामलों में फंसाने का जवाब जनता चुनाव में देगी।

उन्होंने कहा कि आईआरसीटीसी होटल टेंडर मामले में ईडी और सीबीआई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इशारे पर काम कर रही हैं। असल में, लालू यादव परिवार देश का एकमात्र ऐसा राजनीतिक परिवार है जो आरएसएस और भाजपा की सामंतवादी व सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ मजबूती से लड़ रहा है।



भाजपा को यह भ्रम है कि जिस तरह उसने अन्य नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर, ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के माध्यम से उन्हें दबाया या भाजपा में शामिल होने पर मजबूर किया, वैसे ही वह लालू परिवार के साथ भी कर लेगी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ की मंशा कभी पूरी नहीं होगी,

हर चुनाव से पहले लालू यादव के परिवार को अदालतों और जांच एजेंसियों के माध्यम से घेरने की कोशिश की जाती है, ताकि उनकी छवि को नुकसान पहुंचाया जा सके।

सुधीर कुमार पप्पू ने कहा कि ईडी और सीबीआई के झूठ न्यायालय में बेनकाब होंगे और लालू यादव परिवार को न्याय मिलेगा। उन्होंने जांच एजेंसियों की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि तेजस्वी यादव उस समय नाबालिग थे, फिर भी उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत इस मामले में घसीटा गया, क्योंकि 2020 के चुनाव में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद ने सबसे अधिक सीटें जीती थीं और 2025 में बिहार की जनता उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के लिए तैयार है।

# विजया मिलन पर मंच के संगीत चौपाल में शौकिया गायकों ने बिखेरा सुरों का जादू

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** :भोजपुरी साहित्य परिषद, गोलमुरी के हाल में मंच संस्था के संगीत चौपाल के तहत विजया मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए शौकिया गायकों ने अपने मधुर गायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे गायकों को मंच प्रदान करना था, जो संगीत के प्रति समर्पित तो हैं, लेकिन पेशेवर रूप से गायक नहीं हैं। मंच संस्था द्वारा आयोजित यह पहल शहर के संगीत प्रेमियों के लिए एक सुंदर अवसर साबित हुई।




कार्यक्रम में मंच की संस्थापक सह अध्यक्ष श्रीमती अनीता सिंह, महासचिव श्रीमती कृष्णा सिन्हा, सचिव (नाट्य चौपाल) श्री बिनोद कुमार और सचिव (संगीत चौपाल) श्री श्याम नारायण की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम में कुल 22 कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिनमें प्रमुख रूप से –

अरिंदम बोस, चरणजीत शर्मा, जितेंद्र कुमार, विभा जायसवाल, ललन कुमार, प्रियंका सेन गुप्ता, शंभू लाल पूरी, रिया बनर्जी, अनिता डे रक्षित, संजीत पासवान, रिन्टू महापात्र, वेद प्रकाश उपाध्याय, राम मनोहर, प्रधान मुर्मू सहित अन्य कलाकारों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

समापन पर सभी कलाकारों को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। दर्शकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मंच जैसी संस्थाएं शहर में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का सराहनीय कार्य कर रही हैं।

# एमजीएम अस्पताल को ठीक से चलाने के लिए अनुश्रवण समिति गठित हो:सरयू राय

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**-अनुश्रवण समिति में स्थानीय सांसद और विधायक को भी शामिल किया जाए**

**-साल होने को चला, अब तक पानी की व्यवस्था ठीक नहीं हुई**

**-एलएंडटी कंपनी ने घटिया गुणवत्ता के नल लगाए अस्पताल परिसर में**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को पत्र लिख कर एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर में मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए पेयजल एवं अन्य जनसुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा इसके सुचारू परिचालन के लिए एक सक्षम अनुश्रवण समिति गठित करने का आग्रह किया है।

मंत्री को लिखे पत्र में सरयू राय ने कहा है कि एमजीएम अस्पताल के सुचारू संचालन के लिए सरकार द्वारा एक सक्षम समन्वय एवं अनुश्रवण समिति गठित करना आवश्यक प्रतीत हो रहा है, जिसमें स्थानीय सांसद और विधायक भी शामिल किये जाएँ।

सरयू राय ने लिखा कि 2024 के विधानसभा चुनाव के ठीक पहले राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से जिस प्रकार आनन-फानन में अस्पताल का उद्घाटन मुख्यमंत्री को अँधेरे में रखकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा करा दिया गया,



उसका खामियाजा अभी तक अस्पताल प्रबंधन, मरीजों तथा मरीजों के परिजनों को भुगतना पड़ रहा है। साल भर का समय बीत जाने के बावजूद पुराने अस्पताल का सफल स्थानांतरण नये भवन में नहीं हो पाया है।

सरयू राय के अनुसार, जिस समय एमजीएम अस्पताल के अधूरे भवन का उद्घाटन हो रहा था, उस समय उन्होंने सवाल उठाया था कि अस्पताल के नए भवन में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, इसके बावजूद इसका उद्घाटन हो रहा है और पुराने अस्पताल को इसमें शिफ़्ट करने की कवायद की जा रही है। देश में यह पहला अस्पताल होगा जो पानी की व्यवस्था नहीं होने के बावजूद उद्घाटित हो रहा है। सरयू राय ने यह भी पूछा था कि पानी के अभाव में अस्पताल का संचालन कैसे संभव हो सकता है? तब जाकर उद्घाटन के बाद अफरातफरी में पांच डीप बोरिंग अस्पताल परिसर में कराए गये जो नियमानुसार नहीं हैं।

पत्र में सरयू राय ने लिखा है कि विगत पन्द्रह दिनों से मरीजों के परिजन प्रायः हर रोज उन्हें फोन करके पीने का पानी नियमित रूप से उपलब्ध नहीं होने की शिकायत कर रहे हैं। वह उनकी शिकायत अस्पताल के अधीक्षक और उपाधीक्षक को भेज देते हैं मगर स्थिति में अपेक्षित सुधार आज तक नहीं हुआ है। जब उन्होंने वस्तुस्थिति की जानकारी ली तो पता चला कि अस्पताल भवन का निर्माण करने वाले ठेकेदार एलएंडटी ने अस्पताल भवन में बोरिंग का पानी साफ करके पीने योग्य बनाने के लिए जितने भी आरओ एवं नल लगाये, वे सभी घटिया स्तर के हैं और अस्पताल में रोजाना आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के उपयोग के दृष्टिकोण से काफी कमजोर हैं। ये नल टिकाउ नहीं होने के कारण ध्वस्त हो जा रहे हैं और पेयजलापूर्ति ठप हो जा रही है। ठेकेदार द्वारा लगाए गये आरओ बोरिंग से आने वाले भूगर्भ जल की शुद्धता अस्पताल के मानक के अनुरूप नहीं है।

अस्पताल के परिचालन में अनेक खामियाँ हैं, पर फिलहाल वह अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली अतिआवश्यक जन-सुविधाओं तक ही सीमित रख रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि अस्पताल की अनुश्रवण समिति दवाओं की उपलब्धता, मशीनों की स्थिति, पारामेडिकल स्टाफ की स्थिति, पैथोलोजिकल एवं अन्य जांच की स्थिति के बारे में संज्ञान लेगी और इन्हें दुरुस्त कराने का उपाय करेगी। साथ ही एमजीएम अस्पताल के वैधानिक स्तर का ख्याल रखते हुए इसके विधिसम्मत परिचालन की व्यवस्था करेगी।

# जमशेदपुर में मानगो पुलिस की बड़ी कार्रवाईः अपराधी अबू सनान उर्फ बॉबी पर फायरिंग करने वाले दो शातिर अपराधी गिरफ्तार, दो अवैध हथियार और जिंदा गोली बरामद

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** मानगो थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने हाल ही में हुए अबू सनान उर्फ बॉबी पर फायरिंग के मामले का खुलासा करते हुए दो शातिर अपराधियों – वसीम अंसारी और उसके सहयोगी नायाब हुसैन – को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों की गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी मानी जा रही है, क्योंकि इनके पास से दो अवैध देशी कट्टा और कई जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।




बीते दिनों मानगो क्षेत्र में अबू सनान उर्फ बॉबी पर फायरिंग की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी थी। जांच में खुलासा हुआ कि फायरिंग की यह घटना बकरी चोरी से जुड़े पैसों के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के कारण हुई थी। बताया जाता है कि वसीम अंसारी और नायाब हुसैन बकरियों की चोरी कर बेचते थे, लेकिन जब पैसों के बंटवारे को लेकर मतभेद हुआ, तो वसीम ने अपने साथी नायाब के साथ मिलकर बॉबी पर फायरिंग कर दी। इस हमले में बॉबी घायल हो गया था।घटना के बाद मानगो थाना पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया था।

# रेड क्रॉस सोसाइटी की जनसेवा पहल : नेत्र शिविर सम्पन्न, नए स्वास्थ्य शिविरों की घोषणा और रक्तदान में रिकॉर्ड योगदान

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर,** :भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा जनसेवा की दिशा में लगातार सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में आयोजित नेत्र शिविर के तीसरे व अंतिम दिन 30 नेत्र रोगियों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच की गई। नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह और उनकी टीम ने दवा, चश्मा एवं देखभाल संबंधी निर्देश प्रदान किए। यह शिविर गोविन्द प्रसाद दोदराजका के संयोजन में उनके माता-पिता की स्मृति में आयोजित हुआ।




रेड क्रॉस सोसाइटी का 789वां नेत्र शिविर जेसीएपीसीपीएल (टाटा स्टील-निप्पन स्टील संयुक्त उपक्रम) के सहयोग से 18 से 20 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। वहीं, यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के सीएसआर अभियान के तहत ग्रामीण स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर 14 अक्टूबर को हाड़तोपा पंचायत भवन में आयोजित होगा, जिससे आसपास के कई गांवों के लोग लाभान्वित होंगे।

इसके साथ ही रेड क्रॉस द्वारा चलाए जा रहे रक्तदान अभियान में इस सप्ताह 6 यूनिट एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट्स) दान किए गए, जिससे 6 लोगों की जान बची। टाटा स्टील कर्मी सुमन चक्रवर्ती, राजू कुमार, बसन्त कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता प्रीतिश जैन और ए. आलम जैसे नियमित दाताओं ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

रेड क्रॉस के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने सभी रक्तदाताओं और स्वयंसेवकों को मानवता की सेवा में उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# साकची गुरुद्वारा में पालकी साहिब के भव्य स्वागत की तैयारी, पुष्पवर्षा, विद्युत सज्जा और आतिशबाजी से रोशन होगा आसमान

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**साकची में होगा नगर कीर्तन का अविस्मरणीय स्वागत, संगत से निवेदन, इस पल के साक्षी बनेः निशान सिंह**

सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकलने वाले नगर कीर्तन के स्वागत को लेकर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी साकची ने भव्य तैयारियों का शुभारंभ कर दिया है।

सोमवार को आयोजित कमिटी की विशेष बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 5 नवंबर को गुरु नानक देव जी का प्रकाश दिहाड़े को समर्पित सोनारी गुरुद्वारा साहिब से निकलने वाले नगर कीर्तन का नगर भ्रमण होगा, जहाँ संगत द्वारा गुरु नानक देव जी का प्रकाश दिवस पूरी आस्था, हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर, साकची गुरुद्वारा परिसर एक बार फिर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से सराबोर होने जा रहा है। साकची में पालकी साहिब के स्वागत को अविस्मरणीय बनाने के लिए फूलों की वर्षा और



आकाश को आलोकित करती भव्य आतिशबाजी और आकर्षक विधुत सज्जा का आयोजन किया जाएगा।

साकची गुरुद्वारा साहिब के प्रधान निशान सिंह ने बैठक में कहा कि इस वर्ष भी साकची में पालकी साहिब का स्वागत अविस्मरणीय होगा। संगत से निवेदन है कि इस पावन अवसर पर अवश्य सहभागी बनें और इस भव्य आतिशबाजी का आनंद लेने के लिए हाजरी अवश्य भरें।

गुरुद्वारा के वरिष्ठ सदस्य परमजीत सिंह काले, सुखविंदर सिंह निक्कू और सतिंदर सिंह रोमी ने बताया कि नगर कीर्तन की समाप्ति पर साकची गुरुद्वारा में पालकी साहिब पर पुष्पवर्षा की जाएगी जो श्रद्धा और आनंद का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करेगी।

लंगर सेवा के सुचारु आयोजन हेतु बलबीर सिंह, सतनाम सिंह घुम्मण सिंह और रणधीर सिंह ने विशेष सुझाव रखे। साथ ही निर्णय लिया गया कि नगरकीर्तन से पूर्व 31 अक्टूबर से चार नवंबर तक पांच दिवसीय प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो स्त्री सत्संग सभा के सहयोग से आयोजित होगी। प्रभात फेरी की व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रीतपाल सिंह, अमरपाल सिंह, हरविंदर सिंह और सुरजीत सिंह छीते को सौंपी गई है। जो संगत अपने घर प्रभात फेरी आमंत्रित करने की इच्छुक है, वे 8210248895 नंबर पर संपर्क कर सकती हैं। एक दिन में प्रभात फेरी केवल तीन घरों में भ्रमण करेगी। जोड़े घर की सेवा की जिम्मेदारी सिख नौजवान सभा को दी गई है, जिसकी अगुवाई सभा के प्रधान रोहितदीप सिंह करेंगे।

## सार-संक्षेप

### लूटपाट के शिकार दिलीप दास से मिला जदयू का प्रतिनिधिमंडल



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** वीणापाणि नर्सिंग होम के संचालक दिलीप दास से हुई लूटपाट की घटना पर जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने गहरा क्षोभ व्यक्त किया है। उनके निर्देश पर सोमवार को तारक मुखर्जी, मनोज सिंह, शेषनाथ पाठक, सपन दास, माधव सिंह और दिनेश सिंह पीड़ित परिवार से मिले और घटनाक्रम की जानकारी ली। सनद रहे कि दिलीप दास कदमा के रामनगर रोड नंबर-2 के निवासी हैं और नर्सिंग होम के संचालक हैं।

दिलीप दास ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि उनके घर में घुस कर अपराधियों ने पिस्तौल दिखा कर उनको और उनके पुत्र को बंधक बना लिया था। इतना ही नहीं, अपराधी 25 लाख रुपये सममूल्य के गहने, डीवीआर और कार की चाबी भी ले गए। इस संबंध में तारक मुखर्जी ने कदमा थाना प्रभारी से भी बात की। थाना प्रभारी ने उन्हें आश्वस्त किया कि अपराधी पकड़े जाएंगे।

### कदमा में सरयू राय के निर्देश पर भाजपा-जदयू का डोर-टू-डोर अभियान

**लोगों से जानीं समस्याएं, समाधान का दिया आश्वासन**



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के निर्देश पर भाजपा और जदयू कार्यकताओं ने कदमा के उलियान क्षेत्र में डोर-टू-डोर अभियान चलाया। कार्यकताओं ने नीमतल्ला पथ, मधुसूदन पथ, बनियापाड़ा, उलियान हरि मंदिर लाइन, धोबी लाइन, टैंक रोड, नर्मदा पथ, नजरुल पथ और बंधु पथ सहित विभिन्न इलाकों का भ्रमण किया।

अभियान के दौरान स्थानीय लोगों से साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट और नालियों की समस्या पर चर्चा हुई। कार्यकताओं ने सभी शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज किया और संबंधित विभागों से संपर्क कर समाधान का आश्वासन दिया।

भाजपा-जदयू पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि क्षेत्रवार कमेटियां गठित कर समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाएगा। इस अभियान में राकेश सिंह, नीरज सिंह, राजेश सिंह, टीटू दास, भीम सिंह, संजीव आचार्या, राणा प्रताप सिंह सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की गई ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन




राष्ट्र संवाद संवाददाता

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव 2025 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कर्ण सत्यार्थी द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन समाहरणालय सभागार में किया गया । रेंडमाइजेशन के बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए आदर्श आचार संहिता के प्रावधान, नॉमिनेशन एवं नामांकन प्रपत्र क्रय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। रेंडमाइजेशन से पूर्व राजनीतिक दलों को प्रक्रिया समझाई गई ।

रेंडमाइजेशन में घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों की संख्या अनुसार आरक्षित सहित बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट का आवंटन किया गया। कुल 300 मतदान केन्द्रों के लिए 390 बीयू, 390 सीयू एवं 420 वीवीपैट आवंटित किए गए। अगला रेंडमाइजेशन 30 अक्टूबर को किया जाएगा जिसमें बूथवार ईवीएम आवंटित की जाएंगी । इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती प्रियंका सिंह, ईवीएम कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी मो. मोजाहिद अंसारी, एडीआईओ श्रीमती पूनम सिन्हा, ईडीएम श्री मनीष प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे ।

### कांग्रेस नेता जितेन्द्र सिंह की पार्टी में पुनः वापसी, जिला अध्यक्ष परविन्द्र सिंह ने किया सम्मानित




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष सरदार परविन्द्र सिंह ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता जितेन्द्र सिंह का पार्टी में पुनः स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। यह कार्यक्रम तिलक पुस्तकालय, बिस्टुपुर में आयोजित किया गया, जहां परविन्द्र सिंह ने अपने पूरे कांग्रेस परिवार के साथ जितेन्द्र सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह ने कहा कि आलाकमान द्वारा परविन्द्र सिंह को जिला अध्यक्ष बनाना एक ऐतिहासिक और उचित निर्णय है, जिससे समाज के सभी वर्गों को साथ लाने में मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि ह्लहम सभी कांग्रेस जनों को इस निर्णय के लिए आलाकमान के प्रति आभार प्रकट करना चाहिए।ह्व

### सीतारामडेरा थाना अंतर्गतनदी किनारे बना रहे थे अपराध की योजना, दो हथियार के साथ चार गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

सीतारामडेरा थाना अंतर्गत कल्याण नगर मे स्वर्णरेखा नदी किनारे पुलिस ने छापेमारी कर चार लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में किशन गगराई, मंगल गगराई, करण मुंडारी और अभय नामता शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर एक पिस्तौल, एक देसी कट्टा और तीन गोली बरामद की है।

## संपादक की कलम से

# क्या बिहार में बीजेपी-नीतीश की बी टीम होगी आम आदमी पार्टी ?

**देवानंद सिंह**




बिहार की राजनीति में आम आदमी पार्टी के बिहार विधान सभा चुनाव में प्रवेश का क्या मतलब है ? क्या उनका वहां ऐसा जनाधार है कि वह विधानसभा की 243 सीटों में से एक पर भी विजय हासिल करने वाली है ? राष्ट्रीय पार्टी बन चुकी है तो फिर जल्दबाजी में आखिर बिहार चुनाव में उतरने का क्यों लिया गया फैसला ? क्या आप के अंदर मची भगदड़ को रोकने के लिए आनन-फानन में बिहार चुनाव में अपने प्रत्याशियों को उतारने का फैसला किया गया ?

ये ऐसे सवाल हैं जिसकी तह में जाएंगे तो आपको खुद ब खुद आभास हो जाएगा कि इस सबके पीछे का असली माजरा क्या है ? यह वही पार्टी जो कहा करती थी कि मजबूत संगठन खड़ा करने के बाद ही किसी प्रदेश में चुनाव में जाएगी । हां, हरियाणा राज्य जरूर अपवाद रहा है जहां मजबूत संगठन नहीं होने के बावजूद चुनाव में उतरी थी आम आदमी पार्टी।

जहां तक बिहार राज्य की बात है तो यहां संगठन खड़ा करने की कवायद पिछले 2020 के विधानसभा चुनाव से पहले ही हो चुकी थी, लेकिन तब यह कहकर 2020 में प्रत्याशियों को नहीं उतारा था कि बिहार भर में संगठन को और मजबूत करने के बाद ही चुनाव में जाया जाएगा। लेकिन 2025 में आखिर ऐसा क्या हो गया कि आनन-फानन में प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करनी शुरू कर दी ? यह गौर करने वाली बात है।

सच तो यह है कि बिहार में आम आदमी पार्टी के संगठन के अस्तित्व को बचाने की कवायद के तहत अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने पहली लिस्ट जारी की है। कहा जा रहा है कि पीके फैक्टर' की वजह से आम आदमी पार्टी को चुनावी मैदान में उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

बता दें कि राष्ट्रीय जनता दल उन दलों में से है जो इंडिया गठबंधन में आम आदमी पार्टी के साथ कई राष्ट्रीय मुद्दों पर एक जैसी राय रखते हैं। राजद बिहार में एनडीए को सत्ता से हटाने के लिए इंडिया गठबंधन की अगुवाई कर रही है। इसके बावजूद आम आदमी पार्टी ने पहली बार बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। पार्टी पहले ही 11 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर चुकी है और कहा जा रहा है कि जल्द ही दूसरी और तीसरी लिस्ट भी आने वाली है। आम आदमी पार्टी के सूत्रों की भी मानें तो पीके फैक्टर यानी प्रशांत किशोर का असर ही आम आदमी पार्टी को बिहार चुनाव में उतरने की असली वजह बना है।

हालांकि बिहार आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष राकेश यादव का कहना है कि ये फैसला बिहार के वोटरों को 'विकल्प वाली राजनीति' दिखाने के लिए लिया गया है। इसमें दो राय नहीं है कि आम आदमी पार्टी के संगठन महासचिव संदीप पाठक ने पहले घोषणा की थी कि पार्टी बिहार में चुनाव लड़ेगी। लेकिन जब तक उम्मीदवारों की लिस्ट जारी नहीं हुई थी, तब तक इसे लेकर संदेह था।

आम आदमी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि प्रशांत किशोर का असर आम आदमी पार्टी के संगठन पर दिखने लगा था। डर था कि पार्टी के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता जन सुराज में चले जाएंगे। दरअसल, प्रशांत किशोर का जन सुराज मॉडल राजनीति का वही पैटर्न पेश कर रहा था जो आम आदमी पार्टी का मूल मॉडल यानी जनता से जुड़ी, साफ-सुथरी और मुद्दा आधारित राजनीति है। अब जन सुराज पार्टी एक मजबूत स्थिति में आ चुका है और एक विकल्प भी बन गया है।

पार्टी के वरिष्ठ नेता ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने 2020 विधानसभा और 2024 लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा। बिहार इकाई लगातार कह रही थी कि अगर पार्टी गोवा, गुजरात, हरियाणा जैसे राज्यों में चुनाव लड़ सकती है तो बिहार को क्यों छोड़ा जाए ? सच तो यह है कि आम आदमी पार्टी बिहार में राजनीतिक रूप से सक्रिय नहीं थी, इसलिए उसके कई नेता और कार्यकर्ता जन सुराज में शामिल हो गए थे। लेकिन अब जब पार्टी ने 2025 चुनाव लड़ने का ऐलान किया तो उम्मीद है कि पार्टी के भीतर भगदड़ कम होगी और जो पुराने वरिष्ठ साथी पार्टी छोड़कर चले गए हैं उन्हें वापस लाने की कोशिश शुरू होगी।

बिहार इकाई आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष राकेश यादव का भी साफ मानना है कि जन सुराज का असर पार्टी पर पड़ा था। उन्होंने कहा कि करीब 50% कार्यकर्ता जो जन सुराज में चले गए थे, अब वापसी पर विचार कर रहे हैं। हमने चुनाव नहीं लड़ा इसलिए उन्होंने जन सुराज को विकल्प माना था। अब जब हमने पहली लिस्ट जारी की है तो उत्साह बढ़ गया है। यादव के मुताबिक पार्टी को करीब 6000 आवेदन मिले हैं। स्क्रूटनी चल रही है और जल्द ही दूसरी और तीसरी लिस्ट जारी की जाएगी जिनमें 30-40 उम्मीदवार हो सकते हैं।

पीके से अलग कैसे है उनकी पार्टी की राजनीति इस पर राकेश यादव का कहना है कि पीके के मुताबिक वो बिहार को एक वैकल्पिक राजनीति देंगे लेकिन उनका यह नारा हवा-हवाई जैसा ही है। लोगों ने दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी का गवर्नेंस मॉडल देखा है। स्कूलों और अस्पतालों पर केंद्रित शासन व्यवस्था के जो वादे पीके कर रहे हैं, हम उन्हें पहले ही लागू कर चुके हैं।

हालांकि सच तो यही है कि 2025 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी परफार्मेंस कहीं भी दिखाई देता हुआ नहीं दिख रहा है। हां, इससे राजद और आम आदमी पार्टी के रिश्ते पर जरूर असर पड़ता हुआ दिख रहा है। जब राजद ने दिल्ली विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था तो सवाल उठा था कि क्या आम आदमी पार्टी का बिहार चुनाव में उतरना दोनों पार्टियों के रिश्ते पर असर डालेगा? हालांकि आम आदमी पार्टी के विधायक व बिहार प्रभारी संजीव झा इसे नकारते हैं और उनका इस पर तर्क है कि हम हिमाचल प्रदेश में भी चुनाव लड़े थे लेकिन कांग्रेस जीती। इससे हमारे रिश्तों पर कोई असर नहीं पड़ा। हम जहां-जहां चुनाव लड़ रहे हैं वहां अपनी शिक्षा और स्वास्थ्य की राजनीति का मॉडल पेश कर रहे हैं। बिहार में भी हमारी एंट्री असली मुद्दों पर फोकस वापस लाएगी।

वहीं राजनीतिक जानकारों का कहना है कि बिहार में आम आदमी पार्टी चाहे जो भी तर्क. दे लेकिन इस हकीकत से पीछे नहीं हटा जा सकता है कि पीके फैक्टर ने आम आदमी पार्टी को बिहार की चुनावी रेस में उतरने के लिए मजबूर कर दिया है और इसका फायदा एनडीए गठबंधन को मिलता हुआ दिख रहा है।

एक तरफ सत्ता में होने के कारण लोकलुभावन योजनाओं की घोषणाओं का फायदा मिलने की संभावना जताई जा रही है और उस पर आम आदमी पार्टी का चुनाव में जाने को एनडीए की बी टीम के रूप में देखा जा रहा है। हकीकत भले ही यह ना हो लेकिन जमीनी स्तर पर आम आदमी पार्टी को लेकर बिहार में यही मैसेज है स्थानीय लोगों के बीच। यानी एनडीए को अपनी लोकलुभावन घोषणाओं के साथ साथ आम आदमी पार्टी के चुनाव में उतरने का फायदा होता हुआ दिख रहा है।

कांफिडेंस से भरे एनडीए ने कहना शुरू कर दिया है कि 'सुशासन बाबू' की रणनीति की काट नहीं खोज पा रही है इंडिया गठबंधन और परिणामस्वरूप नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए एक बार फिर से सत्ता में आने की आशा कर रहा है।

इसके लिए नीतीश की रणनीति अपने कोर वोटरों को साथ बनाए रखने की है। यह कोर वोटर है महिलाओं का।

# फाइलों से फायर तक: अफसरशाही के भीतर सड़ता भेदभाव

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



7 अक्टूबर को हरियाणा की प्रशासनिक मशीनरी में एक ऐसी गूंज उठी जिसने नौकरशाही की शालीनता की पोल खोल दी। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार ने चंडीगढ़ सेक्टर 11 स्थित अपने सरकारी आवास पर खुद को गोली मार ली। लेकिन यह आत्महत्या नहीं थी; यह जातिगत भेदभाव, उस सीढ़ी पर चढ़ने के संघर्ष और इसी व्यवस्था में अंतर्निहित उत्पीड़न की आत्महत्या थी। अब, चंडीगढ़ पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर और उसकी खामोशी कानून की दस्तक बन गई है। एफआईआर संख्या 156, जिसमें बाद में डीजीपी शत्रुघ्न कपूर और रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजारनिया को आरोपी बनाया गया, और 14 अन्य को आदेश पर अधिकारी बनाया गया, भारत के प्रशासनिक इतिहास में एक मील का पत्थर है। और भारतीय दंड संहिता की धारा 108, 3(5) और एससी/एसटी अधिनियम की धारा 3(1)(आर) के तहत दर्ज होने के कारण, यह मामला इस बात का प्रमाण है कि सत्ता के ऊँचे पदों पर आज भी जातिवाद उतनी ही जोर-शोर से घूमता है जितना कि




गाँवों की गलियों में।

पूरन कुमार के सुसाइड नोट में 15 आईएएस और आईपीएस अफसरों के नाम हैं। हर नाम एक आरोप है, और हर आरोप एक आरोपः क्या इस देश में संवैधानिक शक्तियों वाला कोई भी अधिकारी अपनी जाति की बेड़ियाँ नहीं तोड़ सकता? उन्होंने कहा, ₹आप एक ₹अतिरिक्त पद₹ थे, और उनके कौशल को हमेशा दबा दिया गया, और जातिगत धमकियों के साथ-साथ गालियों ने उन्हें मानसिक रूप से तोड़ दिया।₹ पूरन कुमार का करियर रिकॉर्ड इस निष्कर्ष की पुष्टि करता है। पुलिस सेवा में वे कठोर और सच्चे थे, लेकिन उन्हें बार-बार निचले पदों पर स्थानांतरित किया गया—अब आईजी होमगार्ड, फिर आईजी दूरसंचार। जब उन्हें अप्रैल 2023 में रोहतक रेंज के आईजी का पद मिला, तो उन्हें लगा होगा कि उनकी मेहनत रंग लाई है। लेकिन पाँच महीने बाद ही उनका तबादला सुनारिया पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज में कर दिया गया—और यहीं से उनका मानसिक पतन शुरू हुआ। यह कहानी एक अधिकारी की नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था की है जो ₹योग्यता₹ से ज्यादा ₹पहचान₹ को महत्व देती है। आरक्षण इस देश में एक नया भविष्य तो लाता है, लेकिन व्यवस्था उसे मान्यता देने से इनकार करती है।

दलित अधिकारियों को अक्सर कमतर आंका जाता है; उन्हें ₹योग्य अधिकारी₹ की बजाय ₹आरक्षण अधिकारी₹ कहा जाता है। पूरन कुमार की मौत ने साबित कर दिया कि जाति न केवल समाज में, बल्कि सत्ता के गलियारों में भी व्याप्त है। पूरन कुमार की पत्नी, आईएएस अधिकारी अमनीत पी. कुमार ने दो अलग-अलग याचिकाएँ दायर कीं—एक में केवल डीजीपी और पुलिस अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की माँग की गई है, और दूसरी में सभी 15 अधिकारियों की गिरफ़्तारी की माँग की गई है। यह किसी एक अधिकारी की लड़ाई नहीं है, बल्कि एक संवेदनशील पत्नी और सहकर्मी की लड़ाई है जो राज्य से अपने लिए न्याय चाहती है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ. आत्महत्या नहीं, बल्कि एक सुनियोजित हत्या है। कई आईएएस, आईपीएस और एचसीएस अधिकारियों ने एफआईआर दर्ज होने के बाद अनुसूचित जाति समुदाय के पूरन परिवार के साथ एकजुटता व्यक्त की है। यह अभूतपूर्व है, नौकरशाही में आमतौर पर चुप्पी की संस्कृति व्याप्त रहती है, जहाँ अधिकारी अक्सर अपने साथियों के बारे में बात करने से भी बचते हैं।

लेकिन इस बार यह चुप्पी टूट गई है। अधिकारी इस समय कह रहे हैं कि पूरन कुमार की हत्या कोई व्यक्तिगत हत्या नहीं है—वह एक ऐसे व्यक्ति थे जिनके विचार समानता और सम्मानजनक व्यवहार की अपेक्षा रखते थे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने परिवार से मुलाकात की और उन्हें निष्पक्ष जाँच का आश्वासन दिया। लेकिन क्या यह वादा न्याय में तब्दील होता है? क्या राज्य सरकार इतनी हिम्मत जुटा पाएगी कि एक वरिष्ठ अधिकारी को डीजीपी पद से हटाकर पुलिस अधीक्षक को पद से हटा दे? या यह भी किसी अन्य ₹आंतरिक जाँच₹ की तरह फाइलों में सिमट कर रह जाएगा? हरियाणा की नौकरशाही में वर्षों से जाति-आधारित गुटबाजी के बारे में चर्चा होती रही है जो अधिकारियों की नियुक्तियों, तबादलों और पदोन्नति को प्रभावित करती है। यह ₹कौन किसका है₹ का मामला है, और पद से ज्यादा वरीयता हासिल करनी होती है। और जब जाति इस गुटबाजी का हिस्सा बन जाती है, तो योग्यता, ईमानदारी और संवेदनशीलता, सब हाशिए पर चले जाते हैं। पूरन कुमार की मौत झूठी प्रतिष्ठा के इस तंत्र पर एक नैतिक छाया डालती है। यह घटना सिर्फ. आत्महत्या नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की आत्मा की हत्या है, जो अपने अधिकारियों को मानसिक और नस्लीय रूप से इतना भ्रष्ट कर देती है कि वे जीवन त्यागने पर मजबूर हो जाते हैं।

इस मामले के बाद, नौकरशाही में जातिगत भेदभाव पर किसी तरह का खुला संवाद उभर सकता है। लेकिन यह भी डर है कि यह मामला प्रशासनिक औपचारिकता बनकर रह जाएगा—जैसा कि हमेशा होता आया है।

एक जाँच समिति बिठाई जाएगी, बयान दर्ज किए जाएँगे, और एक निर्णायक रिपोर्ट में इसे ₹निजी कारणों से आत्महत्या₹ घोषित कर दिया जाएगा। महान पूरन कुमार का लिखा एक-एक शब्द आज भी एक सवाल की तरह हवा में तैर रहा है: ₹जब न्याय करने वाले ही अन्याय करने लगें, तो विरोध कौन करे?₹ह यह उन अनेक उदाहरणों में से अंतिम है जब एक सहानुभूतिशील अधिकारी ने अपने प्राणों की आहुति देकर यह दर्शाया कि जातिवाद की पीड़ा को सत्ता के शिखर से कम नहीं किया जा सकता। हालाँकि, यह अहसास कि जाति ने आज भारत की राजनीति को संक्रमित कर दिया है, न केवल सरकार की, बल्कि समाज की भी ज़िम्मेदारी है। पूरन कुमार चले गए हैं, लेकिन उनके सुसाइड नोट से यह स्पष्ट है कि नौकरशाही की चुप्पी भी एक आपराधिक कृत्य है। उनकी मृत्यु के लिए व्यवस्था को न केवल अपराधियों, बल्कि अपनी सोच को भी जवाबदेह ठहराना होगा। क्योंकि जब तक यह व्यवस्था नहीं बदलती, तब तक हर पूरन कुमार के लिए यह हमेशा एक गोली की तरह रहेगी।

### जाति, ईर्ष्या और जीवन: नौकरशाही का स्याह पहलू

**(जाति-आधारित अपमान, साइड पोस्टिंग और मानसिक उत्पीड़न—अब एक अधिकारी की चुप्पी चीख जैसी है।)**

जब जाति इस गुटबाजी का हिस्सा बन जाती है, तो योग्यता, ईमानदारी और संवेदनशीलता, सब हाशिए पर चले जाते हैं। पूरन कुमार की मौत झूठी प्रतिष्ठा के इस तंत्र पर एक नैतिक छाया डालती है। यह घटना सिर्फ. आत्महत्या नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की आत्मा की हत्या है, जो अपने अधिकारियों को मानसिक और नस्लीय रूप से इतना भ्रष्ट कर देती है कि वे जीवन त्यागने पर मजबूर हो जाते हैं। हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की आत्महत्या ने प्रशासनिक जगत को स्तब्ध कर दिया। अपने सुसाइड नोट में, उन्होंने 15 आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को अपना निशाना बताया है और कहा है कि वे जाति-आधारित अपमान कर रहे हैं और मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। चंडीगढ़ पुलिस ने डीजीपी शत्रुघ्न कपूर और रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजारनिया सहित कुल 14 अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर संख्या 156 दर्ज की। हरियाणा के इतिहास में यह पहली बार है कि इतने सारे वरिष्ठ कर्मचारियों पर एससी/एसटी अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के तहत एक ही सजा सुनाई गई है। लेकिन एक पल में हमें एहसास हुआ कि यह नौकरशाही में दबे जातिगत भेदभाव पर एक बड़ा प्रहार था।

# विश्वास का वैश्विक सेतु और व्यापारिक समरसता का आधार

**ललित गर्ग**



विश्व मानक दिवस प्रत्येक वर्ष 14 अक्तूबर को मनाया जाता है। यह दिवस उस अदृश्य व्यवस्था का उत्सव है जो हमारे जीवन, उद्योग, व्यापार और सुरक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करती है। मानकीकरण केवल कोई तकनीकी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह विश्वसनीयता, सुरक्षा, पारदर्शिता और आपसी सहयोग की ऐसी बुनियाद है जो मानव जीवन की सहजता और स्थिरता का आधार बनती है। इस दिवस का उद्देश्य यह स्मरण कराना है कि किसी भी उत्पाद, सेवा या व्यवस्था की उपयोगिता तभी टिकाऊ और भरोसेमंद हो सकती है जब उसमें निर्धारित मानक और गुणवत्ता की कसौटी कायम हो। विश्व मानक दिवस उन हजारों विशेषज्ञों और कर्मयोगियों को सम्मान देने का भी अवसर है जो अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में बैठकर विश्व के हित में ऐसे मानक तय करते हैं और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के निर्माण और कार्यान्वयन में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सुरक्षा के साथ-साथ जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मानकीकरण की भूमिका पर जोर देना है, जो सबके लिए समान हों, निष्पक्ष हों और मानवता की सुरक्षा और प्रगति के लिए हों।

यह दिवस 1946 में हुई पहली बैठक की याद में मनाया जाता है, जिसमें 25 देशों के प्रतिनिधि लंदन में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन की स्थापना के लिए एकत्र हुए थे, जो मानकीकरण पर अपने प्रयासों को केंद्रित करेगा। हालाँकि अगले वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन का गठन किया गया था, लेकिन पहला विश्व मानक दिवस 1970 में ही मनाया गया। विश्व मानक दिवस का उद्देश्य जनता को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक करना है। अर्थात स्वास्थ्य सेवा से लेकर तकनीक तक, लगभग हर क्षेत्र के उत्पादों और सेवाओं में सुरक्षा, विश्वसनीयता और गुणवत्ता। 2025 की थीम ह्यसहयोगह्ण है, जो प्रगति को संभव बनाने के लिए साझेदारी के महत्व को दशार्ती है। यह सहयोग की शक्ति और इस विश्वास का प्रमाण है कि हम अपने-अपने हिस्सों के योग से भी अधिक शक्तिशाली हैं। साथ मिलकर काम करके, हम लोगों को स्थिरता की चुनौतियों का सीधा सामना करने के लिए वास्तविक समाधानों से सशक्त बना रहे हैं। इसके अतिरिक्त, भारतीय मानक ब्यूरो ने इस वर्ष की थीम को ह्यसतत विकास लक्ष्यः लक्ष्य प्राप्ति में सामूहिक साझेदारीह्ण के रूप रखा है। एक बेहतर विश्व निर्माण के लिए साझा दृष्टिकोण का विशेष महत्व है, इस दिवस को मनाने का लक्ष्य उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान देना और उपभोक्ताओं, नियामकों और उद्योग के बीच मानकीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।




आज जब वैश्वीकरण, तकनीकी तीव्रता, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य संकट और आपूर्ति श्रृंखला जैसी जटिल चुनौतियाँ सामने हैं, तब मानकीकरण का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। मानक ही वह भाषा हैं जिनसे विश्व के देश एक-दूसरे को समझ पाते हैं। जब कोई वस्तु या सेवा एक निश्चित मानक के अनुरूप होती है, तो उसे किसी भी देश में स्वीकार किया जा सकता है। इससे व्यापार सहज होता है, उपभोक्ता का भरोसा बढ़ता है और देशों के बीच परस्पर निर्भरता मजबूत होती है। यही कारण है कि मानकीकरण को विश्व व्यापार की आत्मा कहा जाता है। इससे केवल आर्थिक लाभ नहीं होता, बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता, सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन को भी सुनिश्चित करता है।

विश्व मानक दिवस के इस सन्देश के विपरीत आज की राजनीति में कई बार ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं जो विश्व व्यापार और आपसी सहयोग की भावना को कमजोर करते हैं। अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अपनाई जा रही अतिशयोक्ति पूर्ण टैरिफ नीति इसका उदाहरण है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रतिस्पर्धा के नाम पर आयातित वस्तुओं पर भारी शुल्क लगाकर एक प्रकार से व्यापार युद्ध का वातावरण बना दिया है। यह नीति केवल व्यापारिक हितों को नहीं बल्कि वैश्विक संतुलन को भी प्रभावित कर रही है। टैरिफ की यह दीवारें देशों के बीच अविश्वास बढ़ाती हैं, कीमतों में वृद्धि करती हैं और आपूर्ति श्रृंखला को असंतुलित करती हैं। आयातित वस्तुओं की लागत बढ़ने से उपभोक्ताओं को अधिक कीमत चुकानी पड़ती है, उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ती है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की गति धीमी पड़ जाती है।

विश्व व्यापार संगठन ने पहले ही चेताया है कि ऐसी टैरिफ नीतियाँ वैश्विक व्यापार वृद्धि को घटा रही हैं और निवेशकों में अस्थिरता पैदा कर रही हैं। टैरिफ केवल कर या शुल्क नहीं होते, वे राष्ट्रों के बीच विश्वास का संकेत भी होते हैं। जब कोई देश बार-बार अपने आर्थिक हितों की आड़ में ऊँचे शुल्क लगाता है, तो अन्य राष्ट्र प्रतिकार के रूप में अपने दरवाजे बंद करने लगते हैं। परिणाम यह होता है कि जो विश्व पहले एक साझा बाजार की ओर बढ़ रहा था, वह फिर से सीमाओं और अविश्वास की जंजीरों में बँधने लगता है। ऐसे में विश्व मानक दिवस यह सन्देश देता है कि दुनिया को जोड़ने का वास्तविक माध्यम व्यापारिक शुल्क नहीं बल्कि मानकीकरण है। मानक देशों को एक साझा धरातल प्रदान करते हैं, जहाँ उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा का विश्वास इतना मजबूत होता है कि किसी अतिरिक्त शुल्क या रोक की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। मानकीकरण दरअसल विश्वास का पुल है जो सीमाओं के आर-पार लोगों, वस्तुओं और विचारों को जोड़ता है। जब एक देश दूसरे देश के मानकों को स्वीकार करता है, तो यह आपसी सम्मान और पारदर्शिता का प्रतीक होता है। इसी प्रक्रिया से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सरलता आती है, सुरक्षा और गुणवत्ता की गारंटी मिलती है और उपभोक्ता हित सुरक्षित रहते हैं। मानकीकरण की यह प्रक्रिया न केवल औद्योगिक या व्यापारिक है बल्कि यह मानवीय भी है। इसके मूल में समानता, निष्पक्षता और सहयोग की भावना निहित है। यह वह दर्शन है जो कहता है कि विश्व एक परिवार है और सबकी भलाई में ही अपनी भलाई है। अतः जब कोई राष्ट्र टैरिफ या प्रतिबंधों की दीवार खड़ी करता है, तो वह इस वैश्विक परिवार के बीच विभाजन की रेखा खींचता है। मानक उन रेखाओं को मिटाते हैं और संबंधों को जोड़ते हैं।

आज आवश्यकता इस बात की है कि मानकीकरण केवल औद्योगिक मंच तक सीमित न रहे, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय नीति का भी आधार बने। विश्व के सभी देश मानकों के निर्धारण में समान भागीदारी करें ताकि कोई भी राष्ट्र या कंपनी इस प्रक्रिया पर वर्चस्व न जमा सके। छोटे और विकासशील देशों को भी अंतरराष्ट्रीय मानक संस्थाओं में समान अवसर मिले ताकि वे अपने उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से वैश्विक व्यापार में समान रूप से शामिल हो सकें। इसके साथ ही प्रमाणन प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना आवश्यक है ताकि छोटे उद्योग भी मानक के अनुरूप अपने उत्पादों को विश्व स्तर पर प्रस्तुत कर सकें। विश्व मानक दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि मानवता की प्रगति केवल आर्थिक शक्ति में नहीं बल्कि उस सहयोग और विश्वास में है जो मानकीकरण के माध्यम से संभव होता है। अतिशयोक्ति पूर्ण टैरिफ जैसी नीतियाँ क्षणिक राजनीतिक लाभ तो दे सकती हैं, पर वे विश्व के समन्वित विकास और आपसी विश्वास को नष्ट करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी राष्ट्र मानकीकरण की भावना को अपनाएँ और विश्व व्यापार को किसी प्रतिस्पर्धा या प्रतिशोध का माध्यम न बनाकर साझेदारी और साझा उन्नति का माध्यम बनाएँ।

मानकीकरण ही वह अदृश्य तंतु एवं बुनियादी आधार है जो दुनिया को एकजुट रखता है। यह न केवल उत्पादन और व्यापार में गुणवत्ता लाता है बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में विश्वसनीयता और सुरक्षा का भाव जगाता है। विश्व मानक दिवस इस विचार का प्रतीक है कि जब तक हम समान मानकों और साझा मूल्यों से नहीं जुड़ते, तब तक विश्व की एकता अधूरी है। इसलिए इस दिवस पर यह संकल्प लिया जाना चाहिए कि हम ऐसी नीतियों से दूर रहें जो विभाजन उत्पन्न करें, और मानकीकरण की उस साझा राह पर चलें जो सबके लिए विश्वास, सुरक्षा और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। संपूर्ण मानक प्रणाली सहयोग पर आधारित है।

# डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी द्वारा प्रस्तुत मिथिला दैनिक राशिफल

**डा सुधा नन्द झा**

**मेष**- सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-3-5-7

**वृष**- परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्ययभार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-4-5

**मिथुन**- विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क**- पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार पक्ष से थोड़ी ङ्कषचता रहेगी। शुभांक-1-3-5

**सिंह**- दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मङ्कषचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-4-6-8

**कन्या**- अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

# भाजपा और जे एम एम के प्रत्याशी की घोषणा नहीं होने से असमंजस की स्थिति में है कार्यकर्ता

राष्ट्र संवाद संवाददाता

घाटशिला विधानसभा के उपचुनाव को लेकर मात्र एक महीना से भी कम समय रह गया है वही नामांकन प्रक्रिया सोमवार से शुरू भी हो चुकी है लेकिन घाटशिला विधानसभा के दो प्रमुख पार्टी जिनके बीच इस चुनाव में मुख्य लड़ाई है भारतीय जनता पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा दोनों ही पार्टी ने अभी तक पार्टी के प्रत्याशियों का घोषणा नहीं की है दोनों ही पार्टी वॉच और वेट की स्थिति में है।

दोनों ही पार्टी के कार्यकर्ता असमंजस की स्थिति में है कि आखिर पार्टी किसको टिकट देने वाली है।

भारतीय जनता पार्टी की टिकट की घोषणा संभवत 15 अक्टूबर को होने की संभावना है घाटशिला



विधानसभा उपचुनाव के लिए चार प्रत्याशियों का नाम भेजा गया है जिसमें प्रमुख रूप से शामिल है पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन, रमेश हांसदा, लखन मार्डी एवं ,डॉ सुनीता देवदूत प्रमुख रूप से शामिल है।

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन घाटशिला विधानसभा में लगातार दौरा कर रहे हैं लोगों को यह उम्मीद है कि उनके पुत्र बाबूलाल सोरेन को ही टिकट मिलने की काफी संभावना है पिछले चुनाव में



इन्हें पूर्व मंत्री स्व रामदास सोरेन से 23000 वोटो से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इन्होंने अपनी वोट की प्रतिशत को बढ़ाई थी।

चंपई सोरेन के लगातार क्षेत्र में मेहनत करने से भाजपा के कार्यकताओं में भी काफी उत्साह है लेकिन पार्टी के प्रत्याशी की घोषणा जल्द नहीं करने से कार्यकताओं में काफी निराशा भी है।।

कार्यकताओं का नब्ज टोटोलने के



लिए पार्टी के दिग्गज नेता कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू ,प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई बड़े नेताओं ने घाटशिला विधानसभा का सगन दौरा कर जानकारी हासिल की इनकी रिपोर्ट केंद्र नेतृत्व को भेजी जाएगी इसके बाद ही प्रत्याशी की घोषणा होने की संभावना है।

राखा कॉपर में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में बाबूलाल सोरेन के नहीं होने से भी कार्यकताओं में



भारी चर्चा थी।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा भी घाटशिला उपचुनाव के लिए अभी तक पार्टी के प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है पूर्व मंत्री स्वर्गीय रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन लगातार घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में दौरा कर रहे हैं लेकिन अभी तक पार्टी ने उनके नाम पर मुहर नहीं लगाई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय नेतृत्व भी घाटशिला उपचुनाव को लेकर काफी सक्रिय भूमिका में है एवं यह उपचुनाव को जिताना स्वर्गीय मंत्री रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि देने जैसी बात है ।

पार्टी स्व मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर सहानुभूति वोट भी पाना चाहती है जिससे उनकी जीत सुनिश्चित हो सके।

अभी तक पार्टी के प्रत्याशी की घोषणा नहीं होने से कार्यकताओं में भी काफी असमंजस की स्थिति में।

झारखंड मुक्ति मोर्चा में कई दावेदार प्रत्याशी के रूप में आ रहे हैं।।

घाटशिला विधान सभा उप चुनाव में जयराम महतो की पार्टी झारखंड जन लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा भी ताल ठोकने को तैयार है।

साथ ही साथ कांग्रेसी नेता डॉक्टर प्रदीप कुमार बालमुचू भी इस सीट से चुनाव लड़ने का मंशा रखते हे।

# जादूगोड़ा में काली पूजा को लेकर तैयारी जोरों पर श्मशान घाट मंदिर पूजा में होगी धूमधाम से पूजा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

श्री श्री सार्वजनिक जादूगोड़ा मोड गणेश पूजा, दुर्गा पूजा ,लक्ष्मी पूजा, काली पूजा कमेटी के तत्वाधान से इस वर्ष काली पूजा के अवसर पर काफी धूमधाम से पूजा करने को लेकर कमेटी ने निर्णय लिया है ।

काली पूजा में विद्युत सजा भी काफी बेहतरीन की गई हे एवं मूर्ति भी काफी भव्य हे।

एवं भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।

पुजारी के रूप में जादूगोड़ा के प्रसिद्ध पुजारी शक्ति पोदो मजूमदार द्वारा पूजा किया जाता हे।

जादूगोड़ा के श्मशान घाट स्थित मां तारा काली मंदिर में भी काली पूजा की तैयारी जोरो पर हो रही हे



यहां भी मंदिर के संस्थापक टिकी मुखी के द्वारा काफी धूमधाम से मां काली की पूजा की जाएगी एवं प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।

हर्ष वर्ष काली पूजा में मंदिर को काफी भव्य रूप से सजाई जाती है विद्युत सज्जा भी काफी आकर्षक होती है मंदिर के संस्थापक टिकिमुखी के द्वारा मंदिर का काफी भव्य रूप से जीर्णोद्धार किया गया है यह मंदिर भक्तों के लिए आस्था का केंद्र है जहां सच्चे मांगी गई हर मुराद भक्तों की पूर्ण होती है काली पूजा के बाद यहां भंडारा का आयोजन भी किया जाता है भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण भी होती है टिकिमुखी मां तारा की अनन्य भक्त हैं।

जादूगोड़ा मोड कमेटी के सक्रिय सदस्यों में शामिल है अध्यक्ष के रूप में सुशील अग्रवाल संजीवलहा,। कोषाध्यक्ष संजू बारिक ,उदय लाहा, अमित साहू ,गोपाल साह ,प्रेम गुप्ता, देवव्रत नामाता ,प्रेम गुप्ता,आकाश साह,अमित दे ,शांतनु हालदार ,अनिल अग्रवाल, दीपक गुप्ता, मोहन रजक, गिरीश सिंह, टीटू सरदार, रवि राणा,रवि रावल।

# यूसील के द्वारा सी एस आर योजना के अंतर्गत अस्पताल का किया गया उद्घाटन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

यूसिल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ के आनंद राव ने यूसिल की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत, राजस्थान के सीकर जिले की खंडेला तहसील के रॉयल गांव में नवनिर्मित आयुर्वेद अस्पताल भवन का उद्घाटन शुक्रवार को किया। इस अस्पताल का उद्देश्य स्थानीय निवासियों को सुलभ पारंपरिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर यूसिल सीएमडी ने बताया कि यूसिल के द्वारा आसपास के क्षेत्र के विकास पर काफी ध्यान दी जाती है लोगों को




हर तरीके सुविधा यूसिल के द्वारा प्रदान की जाती है एवं स्वास्थ्य सुविधा मिलने से लोगों में काफी हर्ष है। यूसिल के इस कदम की काफी सराहना की जा रही है। इस अस्पताल का निर्माण लगभग 40 लाख की लागत से की गई है।

इस कार्यक्रम में यूसिल के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें निदेशक (तकनीकी) मनोज कुमार, कार्यकारी निदेशक (परियोजनाएँ) मनोज कुमार सिंघई, महाप्रबंधक (सिविल) आर के मिश्रा, खान प्रबंधक हेमंत मुंडा और राकेश सिंघाड़िया शामिल थे। आयुर्वेद विभाग से डॉ महेश कुमार सोनी (उप निदेशक), सत्यनारायण राव, डॉ धर्मेंद्र लता, डॉ विजयपाल और धर्मपाल गढ़वाल उपस्थित थे। ग्राम पंचायत रॉयल की सरपंच अर्चना देवी और गणमान्य ग्रामीणों ने भी उद्घाटन समारोह में भाग लिया।

# कुड़मी समुदाय को आदिवासी का दर्जा देने की मांग के विरोध में गम्हरिया प्रखंड में आदिवासी समुदाय का हुआ महाजुटान, आंदोलन की दी चेतावनी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।** कुड़मी समुदाय को आदिवासी का दर्जा देने की मांग के विरोध में सोमवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आदिवासी समुदाय के लोग ढोल-नगाड़ों व पारंपरिक परिधान और हरवे-हथियारों के साथ गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय में आयोजित धरना प्रदर्शन में पहुंचे। इस दौरान जोरदार प्रदर्शन कर व 'कुड़मी को एसटी सूची में शामिल करना बंद करो' तथा 'आदिवासी अधिकारों की रक्षा करो' आदि नारे लगाकर विरोध प्रकट किया। इस मौके पर प्रदर्शनकारी आदिवासी समुदाय के लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ संगठन राजनीतिक लाभ




के लिए कुड़मी समुदाय को आदिवासी घोषित करने की साजिश रच रहे हैं, जो वास्तविक आदिवासी समुदायों के अस्तित्व और अधिकारों पर सीधा आघात है। कहा कि कुड़मी समाज को किसी भी परिस्थिति में अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल नहीं किया जा सकता है। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने गम्हरिया के प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी को महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए



चेतावनी दिया कि यदि केंद्र और राज्य सरकार ने कुड़मी समाज को आदिवासी दर्जा देने का प्रयास किया तो आदिवासी समाज वृहत रूप से आंदोलन करेगा। इस दौरान मौजूद आदिवासी नेताओं ने कहा कि यह विरोध किसी जाति या समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि अपने पारंपरिक अधिकारों और पहचान की रक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज हजारों वर्षों से अपनी संस्कृति, भाषा, परंपरा और धर्म के साथ अस्तित्व में रहा है और इसे कोई भी कानून या राजनीतिक निर्णय बदल नहीं सकता। इस मौके पर सीओ ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों और आपत्तियों को जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य सरकार तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने लोगों से शांति-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। प्रदर्शनकारी लोगों का नेतृत्व बोड़ पीड़ माझी परगना महल सिंत्र दिशोम के परगना राजेश टुडू ने किया। इस मौके पर माझी बाबा देव मार्डी, राम हांसदा, शंकर मार्डी, धरमू माझी, सावना सोरेन, अरूण सोरेन, सोखेन हेम्ब्रम समेत कई पारंपरिक और सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि, गांवों के मुखिया, महिला मंडल और युवा संगठन के काफी संख्या में सदस्य व आदिवासी समुदाय के लोग शामिल हुए।

# संवेदक की लापरवाही से निमार्णाधीन रेलवे अंडरपास ड्रेन में, साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

चांडिल। चांडिल-गोलचक्कर मार्ग स्थित निमार्णाधीन रेलवे अंडरपास पर संवेदक की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। सोमवार शाम लगभग 6:30 बजे अंधेरे के कारण एक साइकिल सवार खुले गड्ढे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चांडिल थाना क्षेत्र के रसूनिया निवासी सोमचंद सिंह सरदार साइकिल से कटिया बोहडाडीह ससुराल जाने के क्रम में, निमार्णाधीन अंडरपास के पास बने गढ़े में गिर गए। मौके पर मौजूद



राजगीरों ने तत्काल उन्हें ऑटो से चांडिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक की लापरवाही के कारण अंडरपास क्षेत्र में कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। न तो ड्रेन को ढका गया है, न ही अंधेरे में कोई चेतावनी बोर्ड या प्रकाश व्यवस्था की गई है। इसके चलते पहले भी कई राहगीर घायल हो चुके हैं।स्थानीय लोगों में इस घटना के बाद आक्रोश व्याप्त है। मौके पर रवीन्द्र सिंह सरदार ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाए और संवेदक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

# हिंदू एकता और अखंड भारत संकल्प के साथ गम्हरिया में हिंदू सेना का शंखनाथ 2025-26 शुरू

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।** हिंदू सेना की जिला इकाई की ओर से गम्हरिया प्रखंड परिसर स्थित शिव-हनुमान मंदिर में शंखनाथ 2025-26 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदू सेना के जिलाध्यक्ष बुलेट नारायण सिंह ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रभारी संजीव आचार्या उपस्थित थे। रहे। इस मौके पर 'हिंदू-हिंदू भाई-भाई, जात-पात की करो विदाई' नारे के साथ हिंदू एकता और अखंड भारत के संकल्प को दोहराया गया। इस मौके पर हिंदू राष्ट्र,



सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति के संरक्षण जैसे कई विषयों पर चर्चा की गई। झारखंड प्रभारी संजीव आचार्या ने कहा कि हिंदू समाज की एकता ही राष्ट्र की शक्ति है। हमें मतभेद भुलाकर धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए संगठित होना होगा। जिला अध्यक्ष बुलेट रामनारायण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज में समानता, भाईचारा और राष्ट्रप्रेम की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के उपरांत सभी सदस्यों ने मंदिर परिसर में सामूहिक आरती की। इस मौके पर संरक्षक सुरेश सिंह, उपाध्यक्ष चंदन मोइत्रा, मीडिया प्रभारी किशन दुबे, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र झा समेत कई सनातनी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बांग्ला भाषा भाषी समन्वय समिति की ओर से गम्हरिया में विजया सम्मेलन आयोजित

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।** बांग्ला भाषा भाषी समन्वय समिति की ओर से गम्हरिया स्थित होटल पारस मैदान में विजया सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उदघाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी शांति चौधरी, नेताजी सुभाष मंच के अध्यक्ष पीके नंदी एवं समिति के अध्यक्ष राजू चौधरी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान समिति की बच्चियों द्वारा रंगारंग



सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

की गई जिसमें गया संभव डांस एकेडमी के अध्यक्ष तडित सरकार, रीता सरकार व सुधांशु सरकार की टीम के कलाकारों ने महिषासुर वध, द्रौपदी का वस्त्र हरण से लेकर बांग्ला भाषा व संस्कृति से जुड़े कई नृत्य एवं संगीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर समाज के लोगों ने एक दूसरे को विजय मिलन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के उपाध्यक्ष डॉ0 अंकुर पाल, सचिव सुधांशु सरकार, सबिता बक्शी, शांति मुखर्जी, सपन सांतरा, चिन्मय पात्रो, रुपेश गोराई, अमित चौधरी, तपन चौधरी समेत समिति के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## सार-संक्षेप

### बागबेड़ा पंचायत भवन में चोरी व आगजनी की जांच की मांग, प्रतिनिधियों ने सौंपा 10 सूत्री मांग पत्र



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर :** बागबेड़ा कॉलोनी पंचायत भवन में हुई चोरी और आगजनी की घटना की जांच को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने बीडीओ सुमित प्रकाश को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा।

मांग पत्र में घटना को गबन के साक्ष्य छिपाने का प्रयास बताया गया और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही भवन की मरम्मत, सीसीटीवी कैमरा, गार्ड बहाली, प्रकाश व्यवस्था और सुंदरीकरण की मांग भी रखी गई।

बीडीओ ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर सुनील गुप्ता, संतोष ठाकुर, सीमा पांडे और अरविंद पांडे उपस्थित थे।

### घाटशिला उपचुनाव व वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को लेकर कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर**,। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष परविंदर सिंह की अध्यक्षता में बिस्टुपुर स्थित तिलक पुस्तकालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से ह्ववोट्चोर्गद्दी्छोड़ह्व अभियान एवं घाटशिला उपचुनाव की तैयारी पर विस्तृत चर्चा हुई।

परविंदर सिंह ने कहा कि पूरे प्रखंड में हस्ताक्षर अभियान चलाकर आम लोगों को जोड़ने और कांग्रेस कार्यकताओं को सक्रिय करने की जरूरत है। उन्होंने सभी पर्यवेक्षकों व प्रखंड प्रभारियों से आग्रह किया कि वे जागरूकता अभियान के माध्यम से पार्टी को मजबूत करें।

बैठक में प्रिंस सिंह, विजय यादव, परितोष सिंह, गोपाल प्रसाद, रामलाल पासवान, सामन्तो दा, के.के. शुक्ला, संजय यादव, गुरदीप सिंह, चिन्ना राव, विश्वजीत जेना, अविनाश सिंह, अमित दोसज, राजू मिश्रा, अशोक सिंह, आनंद पत्रो, रजनीश सिंह, सुमित शर्मा सहित कई कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

### जाहेरडीह में ट्राइबल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा पुस्तकालय का शुभारंभ

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**चांडिल (संजय कुमार)**: ईचागढ़ प्रखंड के गुदड़ी पंचायत स्थित जाहेरडीह में ट्राइबल वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में एक पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन माझी बाबा डॉ. गणेश चंद्र टुडू ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर डॉ. टुडू ने कहा कि ह्युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत हैं। शिक्षा और संस्कार के माध्यम से ही समाज और देश की वास्तविक प्रगति संभव है।ह्व उन्होंने आगे कहा कि यह पुस्तकालय क्षेत्र के युवाओं को ज्ञान, प्रेरणा और नई सोच की दिशा प्रदान करेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने संकल्प लिया कि वे समाजहित और शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे ही सकारात्मक कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।

इस मौके पर गुदड़ी पंचायत के मुखिया किशुन किस्कू, पंचायत समिति सदस्य सुरेन टुडू, वार्ड सदस्य महेन्द्र बेसरा, ग्राम प्रधान सुकराम सोरेन, बीरेंद्र नाथ सोरेन, रंजीत मुर्मू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### यूसिल कॉलोनी सामुदायिक केंद्र के समक्ष मोटरसाइकिल सवार ने यूसिल कर्मी को मारी टक्कर, कंपनी कर्मी कपिल देव गुप्ता घायल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा :** जादूगोड़ा यूसिल कॉलोनी में सामुदायिक केंद्र के समक्ष मुख्य सड़क किनारे एक मोटरसाइकिल ने यूसिल कर्मी कपिल कुमार गुप्ता को ठोकर मार चलते बना। घटना देर रात्रि सवा सात बजे हुई। इधर कंपनी कर्मियों ने घायल कपिल देव गुप्ता को उठाकर यूसिल अस्पताल में भर्ती करवाया है। घायल कंपनी कर्मी कपिल कुमार गुप्ता यूसिल की बागजाता यूरेनियम प्रोजेक्ट में बिजली विभाग में पदस्थापित है। घटना के बाबत बताया जाता है कि कम्पनी कर्मी कपिल कुमार गुप्ता पैदल अपने घर आ रहे थे पीछे से आ रही एक मोटर साइकिल सवार ने पीछे से धक्का मार चलते बना।भीड़ ने उसकी मोटरसाइकिल जप्त कर यूसिल की सुरक्षा कर्मियों को सौंप दी।

### पोटका हाट से रोजगार सेवक सुमंत सीट का मोबाइल चोरी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पोटका।** प्रखंड के पोटका हाट से अज्ञात पाकेटमार ने सरकारी कर्मचारी का मोबाइल चोरी कर ली। घटना सोमवार अपराह्न की है। जानकारी अनुसार प्रखंड में मनरेगा विभाग के रोजगार सेवक पद पर कार्यरत सुमंत सीट पोटका थाना से मात्र 50 कदम की दूरी पर लगे हाट में सब्जी खरीद रहे थे। इस दौरान अज्ञात पाकेटमार ने उनके पाकेट में रखा मोबाइल चोरी कर ली। पीड़ित रोसे सुमंत सीट ने जब मोबाइल से किसी को फोन करना चाहा तो देखा कि पाकेट से मोबाइल गायब है। उन्होंने किसी की सहायता लेकर अपने मोबाइल पर फोन किया तो थोड़ी देर रिंग होने के बाद मोबाइल स्वीच ऑफ कर दिया गया। सुमंत सीट ने घटना की सूचना पोटका थाना को दिया है। आए दिन हाट बाजारों में मोबाइल चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है।

### कांग्रेस के जिला सचिव जय राम हंसदा ने जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह का किया स्वागत

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह से पोटका के कांग्रेस के जिला सचिव जयराम हांसदा एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता शंकर कुमार दत्त ने पुष्प गुच्छ देकर शुभकामना दिया। उन्होंने बधाई देते हुए पोटका कांग्रेस की राजनीतिक पर भी चर्चा किया। पोटका में कांग्रेस के संगठन में जोरदार तरीके से आंदोलन करने का फैसला लिया गया।

# छिंदवाड़ा सिरप कांड; परिजनों ने कमलनाथ को रोते-बिलखते बताया दर्द

### देरी से आने पर पूर्व सीएम बोले- सामना करने की हिम्मत नहीं थी, भीड़ नहीं लगवाना था

**छिंदवाड़ा एजेंसी।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व सांसद नकुलनाथ रविवार को जहरीले कफ सिरप कांड के पीड़ित परिवारों से मिलने परासिया पहुंचे। उन्होंने कहा, पूरी घटना सरकार की लापरवाही का नतीजा है। सरकार ने प्रतिबंधित दवाई खरीदी। कफ सिरप में जहरीला तेल मिला था। इस मामले में अन्य डॉक्टरों पर भी एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। परिजन को रोते हुए देखकर कमलनाथ भी भावुक हो गए। देरी से आने पर उन्होंने कहा,मुझमें आप लोगों का सामना करने की हिम्मत नहीं थी, इसलिए पहले जीतू पटवारी और उमंग सिंघार को भेजा था। यहां भीड़ नहीं लगवाना चाहता था। मैं इस दुख को सहन नहीं कर पा रहा था। मैं हर संभव मदद के लिए तैयार हूं।



**दर्द बताया :** कमलनाथ और नकुलनाथ ने रविवार सुबह उत्सव मैरिज लॉन में जान गंवाने वाले बच्चों के परिजनों से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने सबसे

**रोते-बिलखते परिजन ने अपना** पहले मृत बच्चों की तस्वीरों पर फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कई परिजन अपने बच्चों की मौत का दर्द बताते हुए रो पड़े। मृतक अदनान के परिजनों ने बताया कि इलाज के दौरान बच्चों को काफी तकलीफ झेलनी पड़ी थी, यह सुनते ही वहां मौजूद लोगों की आंखों से आंसू बहने लगे।

**छिंदवाड़ा सांसद को दी चुनौती:** मुआवजे के सवाल पर कमलनाथ ने कहा, हमने सरकार से प्रत्येक पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की थी। छिंदवाड़ा सांसद बंटी साहू मेरे आने पर सवाल उठा रहे हैं। अगर उन्हें सच में पीड़ितों का दर्द समझ में आता है, तो वे खुद प्रदेश सरकार से बात करके 50 लाख रुपए दिलवाएं।

नकुलनाथ ने कहा कि न्याय की लड़ाई में पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने स्थानीय विधायक सोहन वाल्मीकि से कहा कि वे लगातार पीड़ित परिवारों के संपर्क में रहें और किसी भी तरह की जरूरत होने पर तुरंत मदद पहुंचाएं।

**विशेष विमान से छिंदवाड़ा पहुंचे दोनों नेता :** दोनों नेता सुबह 10:30 बजे दिल्ली से विशेष विमान से छिंदवाड़ा की इमलीखेड़ा हवाई पट्टी पहुंचे। सुबह 11:15 बजे हेलीकॉप्टर से परासिया आए। 11:20 से 11:40 तक उत्सव मैरिज लॉन में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। 11:40 से 12:00 बजे तक मीडिया से बात कर वापस छिंदवाड़ा के लिए रवाना हुए।

**तीन दिवसीय दौरे पर हैं दोनों नेता:** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और नकुलनाथ तीन दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा आए हैं। पहले दिन उन्होंने परासिया में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। सोमवार, 13 अक्टूबर को दोनों नेता जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मंगलवार, 14 अक्टूबर को वे निर्धारित

# युवक का फंदे से झूलता शव बरामद



**सिलीगुड़ी,एजेंसी।** फुलबाड़ी के पश्चिम धनतला इलाके में सोमवार को एक युवक का फंदे से लटका शव उसके घर से बरामद हुआ है। मृतक युवक की पहचान जगदीश बर्मन के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह परिवार वालों ने जगदीश के रुम का दरवाजा बंद पाया है। जब परिवार वालों ने उसे आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं पाया। कोई जवाब न मिलने पर परिवार के सदस्य दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और उसे फंदे से लटका पाया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर न्यू जलपाईगुड़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया। इस घटना से इलाके में मातम छा गया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर,एजेंसी।** पश्चिम मेदिनीपुर ज़िले के दासपुर थाना क्षेत्र के किस्मत खानजापुर में सोमवार सुबह करीब 10 बजे दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान स्वप्न सामंतो (62) के रूप में हुई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, स्वप्न सामंतो साइकिल से किस्मत खानजापुर की ओर से घटाल की दिशा में जा रहे थे। उसी दिशा से एक तेज़ रफ्तार लॉरी भी आ रही थी। बताया जा रहा है कि लॉरी ने ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे साइकिल चालक सड़क पर गिर पड़े। गिरते समय साइकिल के पीछे बंधे फावड़े (कुदाल) की लंबी मूठ उनके शरीर में जा लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वप्न सामंतों मिट्टी काटने का काम करते थे । घटना के बाद स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और घायल स्वप्न सामंतो को तुरंत घटाल महकमा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामवासियों का कहना है कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां सड़क पर एक तीखा मोड़ है और पिछले कुछ महीनों से उस जगह पर लगातार कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों का आरोप है कि पिकअप वैन और बड़ी लारियां अत्यधिक तेज़ गति से चलती हैं, जिसकी वजह से आए दिन हादसे घटते रहते हैं। घटना की सूचना मिलते ही दासपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लॉरी चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।





# पुंछ के डिंगला में टाटा मोबाइल दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, एक अन्य घायल हो घायल

**पुंछ, एजेंसी।** पुंछ जिले के डिंगला इलाके में सोमवार को एक टाटा मोबाइल वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना में पंजीकरण संख्या जेके08एफ-7490 वाला टाटा मोबाइल शामिल था। बताया जाता है कि वाहन ने नियंत्रण खो दिया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान सत्तार दीन के बेटे मोहम्मद रफीक (60 वर्ष) के रूप में हुई है जबकि घायल व्यक्ति की पहचान अब्दुल बरहान के बेटे मोहम्मद सैफ के रूप में हुई है। पुलिस और स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की आगे की जांच जारी है।

# सीवर लाइन मरम्मत से सड़क बंद:कंपनी बाग-रावतपुर वीआईपी रोड पर यातायात प्रभावित

**कानपुर,एजेंसी।** कंपनी बाग से रावतपुर वीआईपी रोड सीवर लाइन मरम्मत के कारण 5 अक्टूबर से बंद है। जल निगम द्वारा यह कार्य 10 अक्टूबर तक पूरा किया जाना था, लेकिन अब इसमें देरी हो रही है। रावतपुर मार्ग पर कंपनी बाग से लगभग 100 मीटर आगे सीवर लाइन धंस गई थी। इसकी मरम्मत के लिए जल निगम ने यातायात पुलिस से 10 अक्टूबर तक सड़क बंद रखने की अनुमति ली थी। मरम्मत कार्य के दौरान 18 फीट तक की खुदाई में बार-बार दिक्कतें आईं, जिससे काम में विलंब हुआ। खुदाई का काम 15 अक्टूबर को पूरा हो सकेगा जिसके बाद 450 मिमी व्यास की 50 मीटर लंबी पाइप बदलने का कार्य शुरू किया जाएगा । जल निगम के एक्सईएन प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि मरम्मत का काम बढ़ने के कारण अब 15 अक्टूबर तक पूरा होने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन अब और समय लगेगा। उन्होंने यह भी बताया कि यातायात पुलिस को अनुमति विस्तार के लिए पत्र भेजा जा रहा है।

# नोएडा सड़क हादसे में पैदल जा रही महिला की मौत

**गौतमबुद्ध नगर, एजेंसी।** थाना बीटा-दो क्षेत्र में बीती रात को हुए सड़क हादसे मे पैदल जा रही एक महिला को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दिया। इस घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना बीटा-दो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि बीती रात को रीना देवी (35) पत्नी संजय पासवान निवासी तुगलपुर डोमिनोज गोल चक्कर अल्फा -वन से परी चौक की ओर पैदल जा रही थी। तभी एक बाइक चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में वह महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# वर्ली में इमारत में लगी आग

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण मुंबई के वर्ली इलाके में रविवार को एक दस मंजिला इमारत में आग लग गई। समय रहते पूरी इमारत को खाली करा लिया गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। मुंबई मनपा से मिली जानकारी के अनुसार वर्ली के खान अब्दुल गफ्फार खान मार्ग पर स्थित 'गुलरुख' नामक 10 मंजिला इमारत की छठी मंजिल पर आग लग गई। सूचना मिलते ही फौरन फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर भेजा गया। आग को लेवल-1 श्रेणी घोषित किया गया। आग के कारण इमारत की सभी मंजिलों पर धुआं फैल गया था। हालांकि समय रहते इमारत परिसर को खाली करा लिया गया। दमकल कर्मियों ने आग पर नियंत्रण पा लिया।

# सिरसा में आईपीएस पूरन कुमार आत्महत्या मामले में बसपा का रोष प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

### आईपीएस आत्महत्या में लीपापोती न करे सरकार : रामधन


**सिरसा, एजेंसी।** हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार सुसाइड मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा)ने जिला मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर बसपा जिलाध्यक्ष रामधन ने कहा कि यह केवल आत्महत्या नहीं, बल्कि एक सुनियोजित प्रशासनिक हत्या है। सरकार इस मामले को दबाने और लीपापोती करने की कोशिश कर रही है, जिसे बसपा कदापि बर्दाश्त नहीं करेगी। बसपा ने सिरसा के उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें आरोप लगाया गया कि आईपीएस वाई पूरन कुमार को उनकी जाति के आधार पर अपमानित व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिसके चलते उन्होंने आत्महत्या



जैसा कठोर कदम उठाया। अपने सुसाइड नोट में भी उन्होंने साफ लिखा था कि मैं एक ईमानदार अधिकारी था, लेकिन मुझे मेरी जाति के कारण बार-बार अपमानित किया गया। बसपा ने इसे भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 112 और एससी-एसटी एक्ट 1989 के तहत गंभीर अपराध बताया है और आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

इसके साथ-साथ बसपा ने हाल ही में मुख्य न्यायाधीश पर हुए जूता फेंकने के कृत्य को भी संविधान और न्यायपालिका पर सीधा हमला बताया और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। बसपा नेताओं ने कहा कि संगठन की मांग है कि डीजीपी शत्रुजीत कपूर, एसपी नरेंद्र बिजारणियां व अन्य आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए, मुकदमा एससीएसटी एक्ट एवं बीएनएस धारा 112 के तहत चलाया जाए। जांच की निगरानी सुप्रीम कोर्ट या राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा की जाए। सीजेआई पर हमले की उच्चस्तरीय जांच और आरोपियों को संविधान विरोधी कृत्य के लिए दंडित किया जाए। देशभर में जाति-आधारित उत्पीड़न के मामलों में त्वरित एवं पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर प्रेम सिंह राठी, लीलूराम आशाखेड़ा, पन्नालाल बरोड़, बुल्ले शाह पंजुआना, जसवंत सिंह, बंशीलाल दहिया, कार्तिक मेहरा आदि मौजूद थे।

# गेवरा क्षेत्र में ठेका कंपनियों की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग



दीप सिंह राठौर
द प्रतिनिधि
ई.सी.एल. गेवरा क्षेत्र
ती ज्योत्सना चरण दास महंत जी
बा लोकसभा क्षेत्र

INDIAN NATIONAL CONGRESS

पूर्व जिलाउपाध्यक्ष
युवा कांग्रेस
जिला — कोरबा छत्तीसगढ़
मो.नं. — 9516803082
E Mail ID — kuldeeprathore967@g

कार्यालय राठौर काम्पलेक्स गेवरा बस्ती जिला — कोरबा छत्तीसगढ़

क्रमांक SECL/001 दिनांक

प्रति,
मुख्य महाप्रबंधक
एस.ई.सी.एल. गेवरा क्षेत्र

विषय :— आपके क्षेत्र अंतर्गत ठेका कार्य में चल रही कम्पनियों के संबंध में जानकारी लेने हेतु।

महोदय,
विषयांतर्गत निम्न जानकारी आपसे चाही जा रही है अविलंब प्रमाणित जानकारी उपलब्ध कराने का कष्ट करें :—

1. कम्पनियों की सूची/कार्य का नाम/ठेका की अवधि/कर्मचारियों की संख्या।
2. उक्त कम्पनियों का स्थानिय क्षेत्र के प्रति उत्तरदायित्व।
3. अपने कर्मचारियों को दी जाने वाली सुविधा की जानकारी।
4. सम्पूर्ण नियम व शर्त की जानकारी जिसके तहत ठेका प्रदान किया गया है।

**राष्ट्र संवाद ब्यूरो कमाल अहमद**

**गेवरा/कोरबाः-** सांसद प्रतिनिधि कुलदीप सिंह राठौर ने एस.ई.सी.एल. गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे ठेका कार्यों में संलग्न कंपनियों के संबंध में महत्वपूर्ण और प्रमाणित जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की है ।

कुलदीप सिंह राठौर ने मुख्य महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. गेवरा क्षेत्र, को एक पत्र लिखकर निम्नलिखित चार प्रमुख बिंदुओं पर जानकारी मांगी है:-

1. ठेका कंपनियों की सूचीः- कार्य का नाम, ठेके की अवधि और कार्यरत कर्मचारियों की संख्या की विस्तृत जानकारी ।
2. स्थानीय के प्रति उत्तरदायित्वः- उक्त कर्मचारियों का स्थानीय क्षेत्र के प्रति क्या उत्तरदायित्व है इसकी स्पष्ट जानकारी ।
3. कर्मचारी सुविधाएँः- ठेका कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को दी जाने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी ।
4. ठेका नियमों की जानकारीः- जिस नियम एवं शर्तों के तहत ठेका प्रदान किया गया है उसकी संपूर्ण जानकारी ।

गेवरा क्षेत्र में चल रहे ठेका कार्यों में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है।

# दमोह में युवक से पैर धुलवाए, वही पानी पिलाया एआई जेनरेटेड वीडियो शेयर करने वाले के खिलाफ पंचायत का फैसला

**दमोह एजेंसी।** मध्य प्रदेश के दमोह में मीम पोस्ट को लेकर हुए विवाद में एक युवक से दूसरे युवक के पैर धुलवाए गए और उसे वही पानी पिलाया गया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। मामला दमोह के सतरिया गांव का है। यहां पंचायत ने शराबबंदी लागू की है। कुछ दिन पहले गांव का अनुज उर्फ अन्नू पांडे शराब बेचते और पीते पकड़ा गया था। गांव के ही दूसरे युवक ने अन्नू का एआई जेनरेटेड वीडियो शेयर किया था, जिसमें वो जूते की माला पहना नजर आ रहा था। इस पर गांव के कुछ लोग आक्रोशित हो गए। विवाद बढ़ता देख युवक ने पोस्ट डिलीट कर दी। सार्वजनिक रूप से माफी भी मांग ली, लेकिन बात नहीं बनी। 10 अक्टूबर को पंचायत बुलाई गई। वीडियो शेयर करने वाले युवक से सवाल-जवाब हुए। उसे शराब बेचने वाले युवक अन्नू के पैर धोकर, वही पानी पीने की सजा सुनाई गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक ने भरी सभा में अन्नू के पैर धोए, फिर वही पानी



पिया था।

**पैर धुलवाने वाला बोला- हमारा गुरु-शिष्य का रिश्ताः** पैर धोने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले के तूल पकड़ते ही अन्नू पांडे ने शनिवार को एक वीडियो जारी किया। इसमें कहा- जो वीडियो सामने आया है, उसे ओबीसी समाज के लोग राजनीतिक मुद्दा बना रहे हैं। ऐसा कुछ नहीं है। हमारा गुरु शिष्य का रिश्ता है, इसी के कारण उसने खुद अपनी इच्छा से हमारे पैर धोए थे।अन्नू ने वीडियो में आगे कहा है कि अगर कुशवाहा समाज को हमारे पैर धुलवाने से दिक्कत हो रही है तो मैं क्षमा प्रार्थी हूं।

**पीड़ित युवक का वीडियो- वे हमारे पारिवारिक गुरु :** शनिवार को ही पीड़ित युवक ने भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया। इसमें कहा- कुछ लोग इसे सामाजिक मुद्दा बना रहे हैं। मैंने गलती की थी और उसके लिए माफी भी मांगी है, जिनके पैर मैंने धोए, वे हमारे पारिवारिक गुरु हैं इसलिए मैंने ऐसा किया। युवक ने इसे राजनीतिक मुद्दा न बनाने की अपील की है। साथ ही कलेक्टर, एसपी, थाना प्रभारी से वीडियो हटाने और किसी पर भी कार्रवाई न करने को कहा है।दमोह के एडिशनल एसपी सुजीत सिंह गांव पहुंचे।

# पटवारी बोले- सिंधिया की चमड़ी मगरमच्छ जैसी मोटी हो गई

### गुना में कहा- करवाचौथ के दिन तो परिवार घर पर रहता है

**गुना एजेंसी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रविवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सिंधिया की चमड़ी मगरमच्छ से भी मोटी हो गई है और अब उन्हें हराना भी पड़ेगा। पटवारी यहां करवा चौथ के दिन हुए सड़क हादसे में मृत हुए पति-पत्नी के परिवार से मिलने गुना बायपास पर रुके थे। वे भोपाल से शिवपुरी एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी रविवार को शिवपुरी में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान वे गुना बायपास पर रुके और शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में मारे गए दीपक और प्रियंका कुशवाह के परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। परिवार ने उन्हें बताया कि घायल दीपक को भोपाल ले जाने के लिए एम्बुलेंस वाले ने 9.5 हजार रुपए लिए थे। इस पर जीतू पटवारी ने कहा कि सोमवार को जयवर्धन सिंह आपसे मिलने आपके घर आएंगे।



**'करवा चौथ पर तो परिवार घर रहता है' :** जीतू पटवारी ने सिंधिया पर निशाना साधते हुए कहा, मेरा निवेदन ये है कि सिंधिया जी का सांसद बनना, वोट लेकर जाना, करवा चौथ के दिन आना। करवा चौथ पर तो परिवार घर पर रहता है। ये इनकी असंवेदनशीलता है। उन्होंने आगे कहा, अभी आप देख रहे होंगे 25 बच्चों की मौत हो गई गलत दवा पिलाने से। भाजपा के लोगों को इतने वोट दे दिए। सिंधिया को भी चेहरा देख देख कर अपन वोट दे देते हैं। इनकी मगरमच्छ से चमड़ी मोटी हो गई है। अब हराना भी पड़ेगा इन लोगों को।

**करवा चौथ के दिन हुआ था दर्दनाक हादसा :** बता दें कि शुक्रवार सुबह आकाशवाणी केंद्र के पास एक तेज रफ्तार स्कार्पियो कार ने बाइक पर सवार दीपक और प्रियंका कुशवाह को टक्कर मार दी थी। हादसे में प्रियंका कुशवाह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दीपक कुशवाह ने भोपाल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया था। मृतक दंपत्ति की दो वर्ष की एक मासूम बच्ची है।

# तेरह साल के इंतजार के बाद दो नवंबर से शुरू होंगे हरियाणा राज्य ओलंपिक खेल

**झज्जर, एजेंसी।** हरियाणा में 2012 के बाद नवंबर 2025 में राज्य खेल यानि हरियाणा राज्य ओलंपिक खेल शुरू हो रहे हैं। 13 साल के लंबे अंतराल के बाद हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के प्रयासों से राज्य ओलंपिक खेलों की फिर से शुरुआत दो नवंबर को गुरूग्राम से होगी। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने सोमवार को बताया कि गुरूग्राम के टीडीएलएससी एथलेटिक स्टेडियम से हरियाणा राज्य ओलंपिक गेम्स 2025 की शुरुआत होगी। दिन चलने वाले राज्य ओलंपिक खेलों में प्रदेशभर के 7358 एथलीट 24 खेलों में प्रतिभागिता करेंगे। इसके लिए 1465 खेल कर्मियों और 565 तकनीकी कर्मचारियों को लगाया जाएगा। अनिल खत्री ने कहा कि एक लंबे अंतराल के बाद हरियाणा राज्य ओलंपिक खेलों की शुरुआत होना खिलाड़ियों के लिए बड़ा मौका है। इन खेलों के जरिए खिलाड़ियों





को अपनी क्षमता और तकनीकी दक्षता बढ़ाने और परखने का मौका मिलेगा। बेहतर अवसर मिलने से खिलाड़ी का हौसला बढ़ता है और वो अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में बेहतर कर पाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मीनू बेनीवाल ने पदभार संभालते ही राज्य ओलंपिक खेल करवाने का संकल्प लिया था दो नवंबर को पूरा होने जा रहा है। प्रतियोगिता के लिए छह दिन का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। 10 शहरों के 24 स्थानों, स्टेडियमों में प्रतियोगिता करवाई जाएगी। गुरूग्राम में ओपनिंग और सोनीपत या कुरूक्षेत्र में क्लोजिंग सैरेमनी होगी। फरीदाबाद में वेटलिफ्टिंग, फेंसिंग, आर्चरी और टेनिस के मुकाबले होंगे। गुरूग्राम में हैंडबाल, हॉकी, एथलैटिक्स और टेबल टेनिस के मुकाबले होंगे। सोनीपत में नेटबाल, बास्केटबाल और कुश्ती करवाई जाएगी। पंचकुला में कबड्डी, जूडो, कराटे और बैडमिंटन की प्रतियोगिता होगी। कुरूक्षेत्र में योगा, साईकलिंग और वॉलीवाल के मुकाबले होंगे।

झज्जर जिले के बहादुरगढ स्थित चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी में ट्राएथलॉन, तैराकी और वाटरपोलो के मुकाबले आयोजित होंगे। रोहतक में बॉक्सिंग, करनाल में फुटबाल, चंडीगढ़ में कायकिंग और कनोयिंग वहीं दिल्ली में शूटिंग और साईकलिंग के ट्रैक इवेंट करवाए जाएंगे। अनिल खत्री ने कहा कि हरियाणा राज्य ओलंपिक खेलों में देश के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले नए खेल सितारे निकलेंगे, जिनपर देश को नाज होगा और खेल एवं खिलाड़ियों को फायदा होगा। हरियाणा सरकार की नौकरियों में भी राज्य ओलंपिक खेलों में हासिल किए गए पदक और प्रमाण पत्र का ग्रेडेशन करवा कर फायदा हासिल किया जा सकेगा।

# पटाखा बनाने के दौरान विस्फोट में मजदूर की मौत, मकान मालिक गिरफ्तार

**हावड़ा, एजेंसी।** हावड़ा जिले के रामराजातला इलाके में पटाखा बनाने के दौरान हुए विस्फोट में एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक का नाम आकाश हेला (32) बताया गया है। घटना के समय वह रामराजातला स्थित एक घर में पटाखे तैयार कर रहा था, तभी अचानक जोरदार विस्फोट हुआ, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल आकाश हेला को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, बाद में गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे कोलकाता के एम.आर. बांगुर अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। हालांकि, रविवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह हादसा रामराजातला के अंबिका कुंडू लेन में स्थित केबल व्यापारी प्रदीप लाहिड़ी के घर में हुआ था। बताया जा रहा है कि कालीपूजा के अवसर पर पटाखे बनाने का काम चल रहा था, तभी शनिवार शाम अचानक विस्फोट हो गया। विस्फोट के तुरंत बाद घर मालिक प्रदीप लाहिड़ी फरार हो गया था। पुलिस ने तलाशी अभियान चलाकर रविवार रात उसे गिरफ्तार कर लिया।

# अपराधिक पूर्ववृत अभ्यर्थियों को अपराधिक इतिहास का विवरण तीन बार प्रकाशित करना होगा: जिला पदाधिकारी

**बेगूसराय /राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 में आपराधिक पूर्ववृत प्रत्याशियों के साथ-साथ वैसे राजनैतिक दल जो आपराधिक पूर्ववृत वाले अभ्यर्थियों को खड़ा करते हैं, उनके आपराधिक इतिहास को सार्वजनिक करने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किया गया है। ऐसे सभी अभ्यर्थी एवं राजनैतिक दलों के द्वारा समाचार पत्रों, वेबसाईट एवं टेलीविजन चैनलों पर ऐसे प्रत्याशी के आपराधिक इतिहास का विवरण प्रकाशित करना होगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री तुषार सिंगला ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार आपराधिक पूर्ववृत प्रत्याशी एवं आपराधिक पूर्ववृत उम्मीदवार खड़ा करने वाले राजनैतिक दल को संबंधित प्रत्याशी के आपराधिक विवरण को समाचार पत्र और टेलीविजन पर तीन अवसरों पर प्रकाशित करना होगा।



प्रत्याशियों के साथ ही उन्हें चुनाव लड़ाने वाली राजनैतिक दल को भी नियम का पालन करने के लिए कहा गया है। उम्मीदवार के आपराधिक विवरण का पहली बार प्रकाशन नाम निर्देशन वापसी के अंतिम तारीख के पहले चार दिनों के भीतर करवाना होगा। दूसरी बार इसका प्रकाशन नाम वापसी के अंतिम तारीख के पांचवें से आठवें दिन के अंदर करवाना होगा। तीसरी बार इसका प्रकाशन नाम वापसी के नौवें दिन से चुनाव प्रचार के अंतिम दिन के बीच करवाना होगा।

निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किया गया है कि राजनैतिक दलों के लिए अनिवार्य है कि वे अपनी वेबसाईट पर लंबित आपराधिक मामलों वाले उन व्यक्तियों के बारे में विस्तृत जानकारी अपलोड करेंगे,जिन्हे अभ्यर्थियों के रूप में चुना गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया गया है कि जो दिशा-निदेश भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किया गया है, उसका सभी निवार्ची पदाधिकारी अक्षरशः अनुपालन करेंगे।

# जीवन जीने की कला सिखाती है स्काउट एंड गाईड:डॉ शफी अहमद

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**कार्यक्रम में दिखा मिनी भारत का नजारा।**



**बीहट/बेगूसराय** सामाजिक जीवन जीने का कला सीखती है स्काउट एंड गाइड संस्था उक्त बातें ईस्ट सेंट्रल रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड जिला संघ गरहरा के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय सीनियर स्काउटर एवं गाइडर सेमिनार में पूर्व जिला आयुक्त स्काउट सह पूर्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शफी अहमद ने कही।

उन्होंने ने कहा कि गरहरा अस्पताल एवं स्काउट पार्क गरहरा मेरे कार्यकाल के स्वर्णिम दिनों में रहा है । मैं इस संस्था एवं इस धरती को नमन करता हु की हमे आगे बढ़ने का मौका दिया।साथ ही मेरे सामाजिक जीवन की कला हम यही से सीखे हें ।मौके पर जिला आयुक्त स्काउट सह वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमल कुमार भगत ने सभी सीनियर सिटीजन का स्वागत किया। कार्यक्रम में भाग लेने हेतु बहुत बहुत धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रपति अवार्डी जीवानंद मिश्रा जिला सचिव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक अवधेश कुमार सिंह ने किया।इस कार्यक्रम में जो 1970 से 1998 तक के राष्ट्रपति अवार्डी एवं लीडर ट्रेनर,सहायक लीडर ट्रेनर ने 70 की संख्या में भाग लिया जो गरहरा के धरती से अपना रेलवे का नौकरी एवं जीवन यापन शुरू किया था।बताते चले कि प्रतिभागी लोगो ने जब पुराने दिनों को याद किया तो सब के आखें नम हो गयी।मौके पर नंद कुमार मेहता,सुरेंद्र कुमार,रामवृक्ष साह, बाबूलाल मेहता,कविता भौमिक,निभा रानी चक्रवर्ती ,हरमोहन सिंह अहुलवालिया, संतोष कुमार सक्सेना दद्दू, वंदना गुप्ता,अल्पना गुप्ता,सविता पांडे,वीरेंद्र कुमार,महेश ठाकुर आदि ने भाग लिया।

# कलाकारों ने कल्पवास मेला में दिखाया जलवा

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**मनमोहक गीत नृत्य की प्रस्तुति देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध।**

**बीहट /बेगूसराय** राजकीय कल्पवास मेला के तीसरे सांस्कृतिक संध्या में शनिवार को मिथिलांचल संगीत महाविद्यालय बीहट के कलाकारों के द्वारा बेहतरीन संगीतमय भजन प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को झुमने पर मजबुर कर दिया।बताते चलें कि बीते शाम कल्पवास मेला में कलाकारों में मिथिलांचल संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य श्री अशोक कुमार पासवान,एवं उनकी शिष्याएं निशुकुमारी,कविता, माधुरी,प्राची, अनुराधा, वंदना, ने स्वागत गान- सत्यम शिवम सुन्दरम्,कर रहे स्वागतम्,गणेश वन्दना,गंगा गीत की प्रस्तुति दी साथ ही ज्योति, ममता, अनुराधा,सुहानी,जिज्ञासा आदि कलाकारों ने अपनो सुरों से श्रोताओं के चित को रंजित किया तबले पर संगत कर रहे विरेन्द्र कुमार,ढोलक पर ओभरसीयल राय ने कलाकारों का बेहतरीन संगत किया ।गीत के उपरांत राधा और प्रिया कुमारी ने कृष्ण लीला नृत्य की प्रस्तुति दी। मंच व्यवस्था एवं संचालन में रामसुंदर गाँधी तथा सहयोगी के रूप में मनोज कुमार,राधाकांत पाठक,मनीष कौशिक ,विजय कुमार रहे ।मौके पर मौजूद जिला प्रशासन बेगूसराय की ओर से जिला कला संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार साहनी ने सभी कलाकारों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। साथ ही सभी कलाकारों को हौसला बढाते हुए कहा कि कला से सर्वांगीण विकास होती है इसलिए कला से सभी को जुड़ना चाहिए बताते चले कि राजकीय कल्पवास मेला में विगत 07 अक्टूबर से 1-2 दिन के अंतराल जिला प्रशासन की ओर से संध्या को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाता है।




# सभी लोग आचार संहिता का सख्ती से करें अनुपालन : एसडीओ

**बेगूसराय/ राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

बिहार विधानसभा चुनावझ2025 के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू है।संपूर्ण अनुमंडल क्षेत्र के लिए चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति तक निषेधाज्ञा जारी रहेगा। विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए अनुमंडल क्षेत्र में विभिन्न राजनीतिक दलों की चुनाव प्रचार, जनसभा, जुलूस व रोड शो आदि के आयोजन की संभावनाओं को देखते हुए विधि-व्यवस्था बनाए रखना एवं असामाजिक तत्वों की ओर से मतदाताओं को डरानेझधमकाने, सांप्रादायिक वैमनस्य फैलाने अथवा शस्त्र व शक्ति प्रदर्शन के माध्यम से भय का वातावरण उत्पन्न किये जाने की स्थिति में एसडीओ राकेश कुमार ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संपूर्ण तेघड़ा अनुमंडल क्षेत्र के लिए चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति तक निषेधाज्ञा जारी की गयी है। इसके तहत इस दौरान पांच या उससे अधिक व्यक्ति शांतिभंग करने के उद्देश्य से किसी भी स्थान पर एकत्रित नहीं होंगे, बिना सक्षम पदाधिकारी की अनुमति की कोई भी सभा, जुलूस, धरना, प्रदर्शन या ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग नहीं किया जायेगा।रात्रि 10:00 बजे से प्रातः छह बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा, बिना अनुमति के किसी राजनीतिक दल का अस्थायी या स्थायी कार्यालय नहीं खोला जायेगा और कोई भी ऐसा कार्यालय मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी के भीतर नहीं होगा। किसी भी व्यक्ति या संगठन की ओर से आपत्तिजनक पोस्टर, पर्चा, लेख या फोटो का प्रकाशन नहीं किया जायेगा। किसी धार्मिकस्थल का उपयोग राजनीतिक प्रचार के लिए नहीं किया जायेगा।हालांकि यह आदेश पूर्व अनुमति प्राप्त सभा, जुलूस, शादीझबारात, शव यात्रा, हाटझबाजार और शासकीय कार्य में लगे पदाधिकारियों, पुलिसकर्मियों पर लागू नहीं होगा।



# पत्नी की हत्या करने का आरोपी पति गिरफ्तार

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**भगवानपुर/ बेगूसराय** थाना क्षेत्र के बड़ी आकहा गांव से पुलिस ने थाना कांड संख्या 287/25 के प्राथमिकी अभियुक्त धीरज कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसपर अपनी पत्नी प्रियंका कुमारी की हत्या कर देने का आरोप है। विदित हो कि थाना क्षेत्र के बड़ी आकहा गांव से पीछले माह 28 सितंबर 25 को उक्त गांव निवासी धीरज कुमार की पत्नी प्रियंका कुमारी का शव संदिग्ध अवस्था में पुलिस ने बरामद किया था। उक्त मामले में मृतिका के पिता लाखों ओपी क्षेत्र के शाहपुर करबल्ला निवासी राजेंद्र महतो ने भगवानपुर थाना में आवेदन देकर पति धीरज कुमार, ससुर रामवृक्ष महतो,देवर ऋतिक कुमार,सास प्रभा देवी तथा ननदोसी समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के देसरी निवासी रंजन महतो को आरोपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया था।

# अक्टूबर महीने में बूढ़ीगंडक नदी उफान पर

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**खोदावंदपुर,बेगूसराय।** पिछले दिनों जल ग्रहण क्षेत्रों में वर्षा होने से अक्टूबर महिने में बूढ़ीगंडक नदी उफान पर है. पिछले कई दिनों से नदी के जल स्तर में लगातार वृद्धि हो रही है. नदी के जल स्तर में वृद्धि होने का सिलसिला रविवार को भी जारी है. अक्टूबर महीने में बूढ़ीगंडक नदी के जल स्तर में इस तरह वृद्धि होने से लोग अचंभित हैं. इस संदर्भ में बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल रोसड़ा के कार्यपालक अभियंता योगेश कुमार ने बताया कि नदी के जल ग्रहण क्षेत्रों एवं नेपाल के तराई वाले इलाकों में पिछले दिनों हुई भारी वर्षा से बूढ़ीगंडक नदी का जल स्तर बढ़ रहा है.



उन्होंने बताया कि नदी के जल स्तर में आधा सेमीप्रति घंटा की दर से वृद्धि हो रही है. विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि बूढ़ीगंडक नदी का जल स्तर अभी खतरे के निशान से 40 सेमी नीचे है. उन्होंने बताया कि आज देर रात तक नदी के जल स्तर में वृद्धि होने का सिलसिला जारी रहेगा. जल्द ही नदी के जल स्तर में वृद्धि का सिलसिला रुक जायेगा. उन्होंने बताया कि पिछले 3-4 दिनों से वारिश नहीं हो रही है, इसलिए अब नदी के जल स्तर में और वृद्धि होने की संभावना नहीं है.

बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल रोसड़ा के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि विभाग की नजर बूढ़ीगंडक नदी के जल स्तर पर बनी हुई है, लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है.

# गिरिराज सिंह ने साल 2010 के बिहार चुनाव में गिनाया भाजपा का स्ट्राइक रेट

**पटना, ।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए में काफी जहदोजहद के बाद सीट का बंटवारा तो हो गया, लेकिन एनडीए में शामिल दो दलों की नाराजगी अभी भी बरकरार है। इसके अलावा भाजपा के कई नेता भी नाराज हैं। इसमें से एक केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का भी नाम शामिल है। गिरिराज सिंह ने सोशल मीडिया के जरिये जदयू पर निशाना साधा।

दरअसल दिल्ली से पटना लौटे जदयू एवं भाजपा के नेताओं ने सोमवार को कई घंटे तक बैठक की, लेकिन सीट शेयरिंग क्लीयर नहीं हो पायी।

एनडीए में अबतक सिर्फ सीटों की संख्या तय हुई है, लेकिन कौन सीट किसके पाले में जाएगी, ये तय नहीं हो पाया। इसकी गुत्थी सुलझाने के लिए ही आज जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के आवास पर भाजपा और जदयू के नेता कई घंटे तक बैठक की, लेकिन बात नहीं बन पायी।

सीट शेयरिंग को लेकर नाराज केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सोशल मीडिया के जरिये जदयू पर निशाना साधा। गिरिराज सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा- ह्ल्ये होता है असली स्ट्राइक रेट। आज मजबूत सीट लेकर स्ट्राइक रेट का झुनझुना बजा रहे हैं। 2010 के बिहार चुनाव में एनडीए ने रचा था इतिहास। 243 में से जीतीं 206 सीटें! जदयू ने 141 में से 115 सीटें जीतीं.. स्ट्राइक रेट 81% बीजेपी ने 102 में से 91 सीटें जीतीं.. स्ट्राइक रेट 89% इतनी प्रचंड जीत बिहार की राजनीति में फिर कभी नहीं दोहराई गई।

# सम्मान समारोह सह कवि गोष्ठी का आयोजन

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**मंसूरचक(बेगूसराय)** तरुण सांस्कृतिक चेतना समिति के बैनर तले प्रखंड क्षेत्र के साठा गांव स्थित सरयुग बालेश्वर भवन में सम्मान समारोह सह कवि गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया.संस्थापक सह साहित्य के चर्चित हस्ताक्षर सीताराम शेरपुरी की अध्यक्षता एवं शिक्षाविद प्रो.दिलीप कुमार चौधरी के संचालन में संपन्न इस कार्यक्रम में साहित्यकारों एवं बुद्धिजीवियों की अच्छी उपस्थिति रही,आगत अतिथियों का स्वागत मिन्टू के द्वारा किया गया इस अवसर पर साहित्य की उत्कृष्ट सेवा के लिए सीताराम शेरपुरी को दिनकर सम्मान से नवाजा गया,वही शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिलीप कुमार चौधरी को युवा कवि मिन्टू के द्वारा सम्मानित किया गया,सम्मान के पश्चात कवि गोष्ठी की शुरूआत हुई,कवियों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं रखकर श्रोताओं को ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया.कवि मिन्टू ने अपनी रचना दल सारे दलदल में पहुंचे कागज पर ही काम,दांत निपोरे नेता पहुंचे जनता से जब काम,सुनाकर श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया.वही सीताराम शेरपुरी की रचना मैने कहा कौन हूं विधायक कह दिया जो है नहीं पर मैं भी लायक कह दिया तालियां बजी उनके कावं-कावं दब गए एक चमचा आया और बंद माइक कर दिया,खूब वाहवाही लूटी,धन्यवाद ज्ञापन मिन्टू ने किया,वही कार्यक्रम की समापन की घोषणा शिक्षाविद दिलीप कुमार चौधरी ने किया, मौके पर प्रो.कृष्ण कुमार चौधरी, ई.गौतम,प्रो.मनोज कुमार चौधरी,डॉ.किरण कुमार,पुष्पा कुमारी,कंचन माला,सुरेन्द्र नायक, सहित अन्य थे.



## सार-संक्षेप

### महागठबंधन की प्रथम प्राथमिकता रोजगार होगी: अमिता भूषण



**बेगूसराय /राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

सदर प्रखंड बेगूसराय के वन्द्वार पंचायत में पूर्व सदर बेगूसराय विधायक श्रीमती अमिता भूषण का अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पदयात्रा का सिलसिला अनवरत जारी है। आज इस पदयात्रा के क्रम में श्रीमती भूषण ने सदर प्रखंड के वनद्वार पंचायत में जनता से आशीर्वाद लिया। पदयात्रा वनद्वार गांव के हर वार्ड से गुजरी जिसमें पंचायत के सैकड़ों स्थानीय लोग नारा लगाते हुए साथ चल रहे थे। वनद्वार में कई स्थान पर सैकड़ों महिलाएं इंतजार करती दिखी जिसे श्रीमती भूषण ने संबोधित भी किया।श्रीमती भूषण ने उपस्थित महिलाओं को सरकार बनने पर रोजगार मुहैया कराने का भरोसा दिलाया

महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता का संदेश भी दिया। श्रीमती भूषण ने कहा कि हमारे सरकार की पहली प्राथमिकता रोजगार होगी। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, मोती सिंह, सुधीर सिंह, रामसुधार सिंह, पुर्व मुखिया नवल पासवान, ललन पासवान, प्रमोद पासवान, पूर्व मुखिया चंद्रचूड़ सिंह, सुखराम साह, चितरंजन सिंह, रामपुकार सहनी, पप्पु यादव, विक्रम कुमार, मोनू सिंह, सौरभ पासवान, ज्ञानी सिंह, रामजतन सहनी, पुर्व जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, श्रीकान्त राय,अमित कुमार, सिंह आदि सैकड़ों ग्रामीण साथ थे।

### आदर्श आचार संहिता उल्लंघन पर मामला दर्ज

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**वीरपुर /बेगुसराय** थाना क्षेत्र के डीह पर पंचायत में बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला सामने आया है। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया है कि बीपीआरओ अभिषेक प्रभाकर के द्वारा एक लिखित आवेदन में दिया गया जिसमें उन्होंने बताया है कि डीह वार्ड संख्या 3 निवासी स्व सीताराम पासवान के करीब 35 वर्षीय पुत्र सुमन पासवान के द्वारा आदर्श चौक डीह पर के प्राथमिक विद्यालय अनुसूचित जाति डीह पर तक पोल पर चिपकाए हैं। सत्यापन के दौरान सटा हुआ पाया भी गया जिस पर लिखा हुआ था भाजपा हटाओ राष्ट्र बचाओ । के आलोक में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया गया है।

### चार माह पूर्व गुमशुदा हुए बालक हुआ बरामद

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**भगवानपुर/ बेगूसराय** थाना क्षेत्र के कठरिया गांव से पीछले चार माह पूर्व गुमशुदा हुए बालक बरामद हो गया है।इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मनोज सिंह ने दी है।उक्त मामले में प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 19 जून 25 को संध्या 4 बजे थाना क्षेत्र के कठरिया निवासी गणेश दास की पत्नी विभा देवी ने भगवानपुर थाना में आवेदन देकर अपने 13 वर्षीय पुत्र बब्बी कुमार का गुमशुदा होने की बात कही थी तथा पुलिस से उसे ढुढने की गुहार लगाई थी। गुमशुदा बालक बरामद हो गया है लेकिन बालक कैसे और कहां से बरामद हुआ इस मामले में पुलिस ने नहीं बताया।

### गोपालगंज में नामांकन प्रक्रिया जारी, दो प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

**गोपालगंज,** ।बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के तहत जिले में नामांकन प्रक्रिया जारी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम पवन कुमार सिन्हा के दिशा-निर्देशन में नामांकन कार्य शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो रहा है।

सोमवार को बैकुंठपुर, गोपालगंज, कुचायकोट और भोरे विधानसभा क्षेत्रों में अब तक किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन दाखिल नहीं किया गया है। वहीं, बरौली विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के प्रत्याशी रूदल महतो (पिता-रामसुन्दर महतो, ग्राम-कमालपुर) ने नामांकन दाखिल किया है। इसी तरह हथुआ विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी के प्रत्याशी कलिन्द्र कुमार राय (पिता-दीनानाथ सिंह, ग्राम-रतंचक नया टोला) ने पर्चा दाखिल किया।

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नामांकन प्रक्रिया निर्धारित तिथि तक जारी रहेगी। जिला प्रशासन द्वारा नामांकन के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं, सुरक्षा एवं निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि प्रक्रिया निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

### 1 देसी कट्टा 4 जिंदा कारतूस के साथ कार में सवार जग्गा यादव अपने साथी के साथ गिरफ़्तार

**सहरसा, ।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस सजग और सतर्क है। जिसके कारण चुनाव से पूर्व पुलिस को कई सफलता भी मिल रहा है। जिसको लेकर शहरी क्षेत्र एवं जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सदर थाना क्षेत्र के नया बाजार स्थित पेट्रोल पंप के निकट एक कार को रोका गया।जिनमें सवार आशीष कुमार उर्फ जग्गा यादव एवं उनके एक साथी रूपेश यादव के साथ गिरफ्तार किया गया।

कार की तलाशी लिए जाने पर कार में छिपा कर रखे गए एक देशी पिस्तौल चार जिंदा कारतूस बरामद किया गया। मौके से ही कार को जब्त कर ली गई थी। तीन मोबाइल भी जब्त किए गए थे। साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि वाहन जांच के दौरान नया बाजार पेट्रोल पंप के निकट एक कार को रोका गया था। उक्त कार में सवार दो युवक को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिए गए युवक जिले के कनरिया थाना क्षेत्र के सुखासन गांव, वार्ड नंबर - 9 निवासी स्व सिकंदर प्रसाद यादव के पुत्र आशीष कुमार उर्फ जग्गा यादव थे। उनके साथ चिरैया थाना क्षेत्र के अलानी गांव, वार्ड नंबर - 6 निवासी स्व विद्यानंद शाह के पुत्र रूपेश यादव भी की भी गिरफ्तारी हुई थी।

उनके कार की तलाशी लिए जाने पर कार में छिपा कर रखे गए एक देशी पिस्तौल और उसके चार जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। साथ ही तीन मोबाइल भी जब्त की गई।साथ ही कार को भी जब्त कर लिया गया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार जग्गा यादव उर्फ आशीष यादव पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिनमें सिमरी बख्तियारपुर थाना कांड संख्या - 371/22, 241/23 और 327/23 के अलावे सदर थाना कांड संख्या - 1344/18, 1318/18, 08/19 और 1057/19 दर्ज हैं।छापामारी टीम में सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार, पुलिस निरीक्षक यातायात थाना रमाशंकर, पुलिस अवर निरीक्षक शोएब अख्तर कुमारी, प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक शशि कुमारी और मुकेश यादव के साथ सदर पुलिस बल शामिल थे।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893



## रोनाल्डो गोल करने से चूके लेकिन पुर्तगाल ने आयरलैंड को 1-0 से हराया

**लंदन ।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पेनल्टी किक पर गोल करने से चूक गए लेकिन आखिरी क्षणों में रुबेन नेवेस के गोल की बदौलत पुर्तगाल ने विश्व कप क्वालीफाइंग के यूरोपीय चरण में शनिवार को यहां आयरलैंड को 1-0 से हराकर ग्रुप एफ की तालिका में अपनी बढ़त मजबूत कर ली।

रोनाल्डो मैच के 75वें मिनट में पेनल्टी पर चूक गए लेकिन नेवेस ने (90+1 मिनट) में गोल कर टीम को लगातार तीसरी जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही टीम ने ग्रुप तालिका में नौ अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हंगरी पर पांच अंक की बढ़त कायम कर ली है। ग्रुप के दूसरे मैच में हंगरी ने डेनियल लुकाक्स और ज़ोम्बोर ग्रुबर के गोल की मदद से आर्मेनिया को 2-0 से हराया।

स्पेन ने ग्रुप ई के मैच में जॉर्जिया को 2-0 से हराने के बाद तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। बार्सिलोना के चोटिल प्रतिभाशाली खिलाड़ी लामिन यामल की गैरमौजूदगी में येरेमी पिनो और मिकेल ओयारजाबल के गोल से यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने जीत दर्ज की। ग्रुप के अन्य मैच में तुर्की ने बुल्गारिया को 6-1 से हराया।

नॉर्वे ने ग्रुप आई में एर्लिंग हालैंड की हैट्रिक से इस एकतरफा मैच को 5-0 से अपने नाम किया। हालैंड के नाम अब नॉर्वे के लिए 46 मैचों में 51 गोल हो गए है। टीम की यह छह मैचों में छठी जीत है और वह ग्रुप तालिका में इटली से छह अंक आगे 18 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर है। इटली ने एस्टोनिया को 3-1 से हराया।

## दो खराब मैचों से कोई फर्क नहीं पड़ता, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक हार के बाद बोलीं हरमनप्रीत कौर



**विशाखापत्तनम।** महिला विश्व कप 2025 में रविवार को एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक हाईस्कोरिंग और रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें भारतीय टीम को 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड 331 रन चेज कर भारत को हराया। हार के बाद निराश दिखीं भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि दो खराब मैचों से कोई फर्क नहीं पड़ता। हम आगे के मैचों में वापसी करेंगे। मैच के बाद हरमनप्रीत कौर ने कहा, हमारी शुरुआत जिस तरह की हुई थी, हम 30-40 रन बना सकते थे, लेकिन आखिरी 6-7 ओवरों में हम लगातार विकेट गंवाते रहे। यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट था और हम इसका फायदा नहीं उठा पाए। ओपनर्स ने हमें अच्छी शुरुआत दी। इसीलिए हम काफी रन बना रहे हैं। पिछले 3 मैचों में हम बीच के ओवरों में बल्लेबाजी नहीं कर पाए थे, निचले क्रम ने जिम्मेदारी ली थी, लेकिन आज हम अंत में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। कौर ने कहा, अगले कुछ मैच बहुत महत्वपूर्ण हैं और इस मैच से कई सकारात्मक बातें सामने आई हैं।

विमेंस वर्ल्ड कप 2025

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 3 विकेट से हराया, एलिसा हीली का धमाकेदार शतक



**विशाखापट्टनम ।** भारत महिला क्रिकेट टीम को विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा है। मेजबान भारत को रविवार को डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने रोमांचक मुकाबले में 3 विकेट से पराजित किया। इससे पहले भारत को अपने पहले मैच में साउथ अफ्रीका के खिलाफ शिकस्त मिली थी। भारत की दमदार शुरुआत, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने लिखा इतिहास विशाखापट्टनम की पिच पर भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 330 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। स्मृति मंधाना (80 रन) और प्रतिका रावल (75 रन) की शानदार साझेदारी ने टीम इंडिया को सशक्त स्थिति में पहुंचाया। मध्यक्रम में हरमनप्रीत और दीप्ति शर्मा ने भी तेज़ पारी खेली, जिससे लगा कि भारत मैच पर पकड़ बना लेगा।

लेकिन ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने उस उम्मीद को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने 142 रन की मैच विनिंग पारी खेली और टीम को 49वें ओवर में जीत की मंज़िल तक पहुंचाया। हीली को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

### एलिस पेरी और एनाबेल सदरलैंड का योगदान

जब हीली आउट हुईं तो ऑस्ट्रेलिया को अभी भी 50 से ज्यादा रन चाहिए थे। लेकिन अनुभवी एलिस पेरी (47 नाबाद) ने निचले क्रम के साथ संयम से बल्लेबाजी करते हुए टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। गेंदबाजी में एनाबेल सदरलैंड ने करिश्माई प्रदर्शन किया—उन्होंने महज़ 40 रन देकर 5 विकेट झटके और भारत की बल्लेबाजी को बीच में ही झटका दे दिया।

### भारत के गेंदबाजों की नाकामी

भारत की ओर से दीप्ति शर्मा और अमनजोत कौर ने 2–2 विकेट लिए, जबकि श्री चरणी को 3 विकेट मिले। लेकिन भारत की सबसे बड़ी चिंता — डेथ ओवरों में नियंत्रण की कमी — एक बार फिर सामने आई। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज़ों ने आख़िरी 10 ओवरों में 90 से ज़्यादा रन जोड़ डाले, जिससे भारत की जीत की उम्मीदें धूमिल हो गईं।


### रिकॉर्ड बुक में दर्ज हुआ नया इतिहास

इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने विमेंस वनडे इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज़ पूरा किया। उन्होंने 2024 में श्रीलंका द्वारा बनाए गए 305 रन के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। यह भारत के खिलाफ किसी भी टीम द्वारा किया गया सबसे बड़ा सफल रन चेज़ भी है।

### भारत की स्थिति अब मुश्किल

लगातार दूसरी हार के बाद भारत के लिए सेमीफाइनल की राह और मुश्किल हो गई है। अब टीम को अपने बचे हुए सभी मुकाबलों में जीत हासिल करनी होगी। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा —हमने 330 रन बनाकर अच्छा स्कोर किया था, लेकिन गेंदबाजी में हम योजनानुसार अमल नहीं कर पाए। हमें अगले मैचों में डिप्लोमैटिक तौर पर सोचकर बॉलिंग करनी होगी। एलिसा हीली की बल्लेबाज़ी के साथ–साथ उनकी कप्तानी भी शानदार रही। उन्होंने हर ओवर में रणनीतिक फील्डिंग बदलाव किए और भारतीय बल्लेबाज़ों पर दबाव बनाए रखा। उनकी संयमित पारी ने दिखाया कि क्यों ऑस्ट्रेलियाई टीम दुनिया की सबसे स्थिर और संतुलित टीम मानी जाती है।

## अरशद नदीम के कोच सलमान इकबाल पर लगा आजीवन प्रतिबंध



**लाहौर ।** पाकिस्तान के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम के लंबे समय से कोच रहे सलमान इकबाल पर पाकिस्तान एमेच्योर एथलेटिक्स महासंघ (PAAF) ने रविवार को आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है। उन पर पंजाब एथलेटिक्स संघ के संविधान का उल्लंघन करने का आरोप है। प्रतिबंध के तहत, सलमान इकबाल अब किसी भी एथलेटिक्स गतिविधि, कोचिंग या संगठनात्मक भूमिका में भाग नहीं ले सकेंगे। महासंघ ने आरोप लगाया कि इकबाल ने अगस्त में पंजाब एथलेटिक्स संघ के चुनाव कराकर नियमों का उल्लंघन किया। सितंबर के मध्य में गठित एक जांच समिति ने रिपोर्ट सौंपी और 10 अक्टूबर को इकबाल पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी। यह फैसला उस विवाद के तुरंत बाद आया जब पाकिस्तान खेल बोर्ड (PSB) ने इकबाल से टोक्यो विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अरशद नदीम के खराब प्रदर्शन पर स्पष्टीकरण मांगा था। PSB ने यह भी पूछा था कि एथलीट के प्रशिक्षण और यात्रा पर खर्च कैसे किया गया। इकबाल ने अपने जवाब में खुलासा किया कि पिछले एक वर्ष से PAAF ने अरशद नदीम से जुड़े किसी भी मामले में भाग नहीं लिया, और उन्हें दक्षिण अफ्रीका में प्रशिक्षण और पिंडली की चोट से उबरने के लिए निजी आर्थिक मदद का सहारा लेना पड़ा।

## विराट कोहली करना चाहेंगे दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम, सिर्फ इतने रन दूर



**मुंबई।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आगामी तीन मैचों की ओडीआई सीरीज से पहले सभी की नजरें विराट कोहली पर टिकी हैं। भारतीय क्रिकेट के इस स्टार बल्लेबाज के लिए यह सीरीज कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड हासिल करने का मौका लेकर आ रही है।

कोहली सिर्फ 54 रन से ओडीआई में श्रीलंका के कुमार संगकारा (14,234 रन) को पछाड़कर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन सकते हैं। वहीं, यदि वे ODIs और T20Is को मिलाकर व्हाइट-बॉल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनते हैं, तो सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड भी उनके पीछे रह जाएगा।

इसके अलावा कोहली के नाम अब तक 1,477 चौके हैं। 23 और चौके जोड़कर वह केवल सचिन तेंदुलकर और सनथ जयसूर्या के साथ 1,500 चौकों के क्लब में शामिल हो जाएंगे।

हालांकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक के बावजूद कोहली की हालिया फॉर्म शानदार रही है। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने पांच मैचों में 218 रन बनाए, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ शतक और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतक शामिल था।

ऑस्ट्रेलिया में अब तक कोहली ने 29 ओडीआई में 1,327 रन बनाए हैं, औसत 51.03 और स्ट्राइक रेट 89.06 के साथ। इस प्रदर्शन ने यह साबित किया है कि वे पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क जैसे तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी कमाल कर सकते हैं।

सीरीज में कोहली तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। उनके अनुभव और स्थिरता की मदद से युवा बल्लेबाजों जैसे शुबमन गिल और यशस्वी जयसवाल के साथ मजबूत साझेदारी बनाना टीम के लिए निर्णायक साबित होगा।

## महिला विश्व कप - भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच में बना छक्कों का रिकॉर्ड



**विशाखापत्तनम,।** महिला विश्व कप 2025 में रविवार को एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक हाईस्कोरिंग और रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें भारतीय टीम को 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम द्वारा दिए गए 331 के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। महिला वनडे विश्व कप के इतिहास को देखा जाए तो यह मैच सर्वाधिक छक्कों के लिए याद किया जाएगा। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 330 रन बनाए थे। प्रतिका रावल ने अपनी 75 रन की पारी में 1 छक्का लगाया था। वहीं, स्मृति मंधाना ने अपनी 80 रन की पारी में 3 छक्के लगाए। हरलीन देओल ने 1 और ऋचा घोष ने 2 छक्के लगाए। कुल मिलाकर भारतीय टीम की तरफ से 7 छक्के लगे। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कप्तान एलिसा हिली ने अपनी 142 रन की पारी में 3 छक्के लगाए। फोएबे लिचफिल्ड, एल्सी पेरी, और एश्ले गार्डनर ने 1-1 छक्का लगाया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से 6 छक्के लगे।

कुल मिलाकर मैच में 13 छक्के लगे। महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में किसी मैच में लगे सर्वाधिक छक्कों का यह रिकॉर्ड है।

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने एक विश्व रिकॉर्ड बनाया। ऑस्ट्रेलिया ने 331 रन का लक्ष्य हासिल कर महिला वनडे क्रिकेट में नया इतिहास रचा। महिला वनडे क्रिकेट का यह सबसे बड़ा चेज है। पूर्व का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम था। श्रीलंका ने 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 302 का लक्ष्य हासिल किया था। 301 के जवाब में श्रीलंका ने 305 रन बनाए थे। भारतीय टीम की यह लगातार दूसरी हार है। पिछले मैच में हरमनप्रीत एंड कंपनी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद भारतीय टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर चली गई है। भारतीय टीम का अगला मैच इंग्लैंड से है, जो टूर्नामेंट में अब तक अपराजित रही है।

## वाशेरोट ने अपने चचेरे भाई रिंडरनेच को हराकर शंघाई मास्टर्स खिताब जीता



**शांघाई ।** वैलेंटिन वाशेरोट ने क्वालीफाइंग दौर से मुख्य दौर में जगह बनाने के बाद रविवार को अपने चचेरे भाई आर्थर रिंडरनेच को 4-6, 6-3, 6-3 से हराकर शंघाई मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में 204वें स्थान पर काबिज 26 साल के वाशेरोट एटीपी मास्टर्स 1000 के इतिहास में सबसे कम रैंकिंग वाले विजेता है। वह एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर का खिताब जीतने वाले मोनाको के पहले खिलाड़ी भी है। वाशेरोट ने सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन दिग्गज नोवाक जोकोविच को हराया था जबकि रिंडरनेच ने चार ग्रैंडस्लैम का फाइनल खेलने वाले दानिल मेदवेदेव को शिकस्त दी थी।

## शेखावाटी स्ट्राइकर्स ने जीती खेलो क्रिएटर्स लीग 2025 के पहले सीजन की ट्रॉफी



जयपुर। जयपुर के सीतापुरा स्थित, ज़ी स्टूडियोज़ में चल रहे खेलो क्रिएटर्स लीग (केसीएल) का ग्रैंड फाइनल शानदार अंदाज में संपन्न हुआ, जहाँ शेखावाटी स्ट्राइकर्स ने पिंक सिटी पलटन को 29 रनों से हराकर पहला संस्करण चैंपियन बना। विनय राजपूत के 38 गेंदों पर 11 छक्कों की मदद से बनाए गए 68 रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत स्ट्राइकर्स ने 3 विकेट पर 184 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया और जोश से भरे दर्शकों के सामने खिताब अपने नाम किया। लीग अपने पहले सीज़न में 8 ओवरों का एक रोमांचक प्रारूप शामिल था जिसमें एक %जैकपॉट ओवर% भी शामिल था जो कुछ ही सेकंड में खेल का रुख बदल सकता था। इस लीग में उत्तर भारत के शीर्ष क्रिएटर्स और मशहूर हस्तियों ने भाग लिया, जिनमें राहुल चौधरी, विकल्प मेहता, कुलदीप सिंघानिया, छोटू सिंह, जूनियर पांड्या, ऋषभ धोनी और जूनियर कोहली शामिल थे, जिन्होंने मनोरंजन और प्रतिस्पर्धा को एक मंच प्रदान किया। लीग में एक विशेष मैच अभी नहीं! पहले सपने साकार हो, फिर शादी का विचार हो अभियान को बढ़ावा देने के साथ आईपीएस अधिकारी, पंकज चौधरी और जिला जज पवन जीनवाल के नेतृत्व में जज लायंस और एडमिन वॉरियर्स के बीच खेला गया। इस मैच ने बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता पर प्रकाश डाला, जिसमें एडमिन वॉरियर्स विजयी रहे। सीज़न की सफलता पर, अटलांचर स्पोर्ट्स के संस्थापक, शुभम चौधरी ने कहा, खेलो क्रिएटर्स लीग केवल क्रिकेट के बारे में नहीं है - यह समावेश, रचनात्मकता और बदलाव के संदेश के बारे में है। अटलांचर स्पोर्ट्स के वाईस प्रेजिडेंट, जशन प्रीत कौर ने कहा, मिक्स-जेंडर प्रारूप और जैकपॉट ने हर खेल को अप्रत्याशित और ऊर्जा से भरपूर बना दिया। केसीएल के सीईओ, राहुल चौधरी ने कहा, केसीएल खेल, मनोरंजन और सामाजिक जागरूकता का एक नए युग का उत्सव है - और यह तो बस शुरुआत है। केसीएल 2025 ने क्रिएटर-नेतृत्व वाले खेल मनोरंजन को फिर से परिभाषित किया और अगले सीज़न को और भी बड़े बनाने के लिए मंच तैयार किया।

## जॉन कैंपबेल ने भारत के खिलाफ टेस्ट में शतक लगाकर तोड़े कई रिकॉर्ड, एक है 19 साल पुराना

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के ओपनर बल्लेबाज जॉन कैंपबेल ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शतक लगाकर कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। जॉन कैंपबेल ने छक्के के साथ टेस्ट में अपना पहला शतक लगाया और ऐसा करने वाले पांचवें बल्लेबाज बने। इसी के साथ ही वह पहले टेस्ट शतक के लिए सबसे ज्यादा इनिंग्स खेलने वाले खिलाड़ी भी बने। इतना ही नहीं 19 सालों में कैंपबेल भारत के खिलाफ शतक लगाने वाले पहले सलामी बल्लेबाज भी बने। उन्होंने रविंद्र जडेजा के हाथों ख्क्कु होने से पहले 199 गेंदों पर कुल 115 रन बनाए जिसमें 12 चौके और 3 छक्के शामिल थे।

### छक्के के साथ अपना पहला टेस्ट शतक पूरा करने वाले वेस्टइंडीज के बल्लेबाज

कोलिन्स किंग
रॉबर्ट सैमुअल्स
रिडले जैकब्स
शेन डॉरिच
जॉन कैंपबेल

वर्तमान टेस्ट कप्तान रोस्टन चेज अक्टूबर 2018 में हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में भारत के खिलाफ शतक बनाने वाले आखिरी वेस्टइंडीज बल्लेबाज थे। कैंपबेल ने भी सबसे लंबे प्रारूप में पहली बार 100 रन का आंकड़ा पार करने के लिए 50 पारियां (25 टेस्ट) लीं।



सलामी बल्लेबाज के रूप में अपना पहला टेस्ट शतक बनाने के लिए सबसे ज़्यादा पारियां खेलने वाले खिलाड़ी

ट्रेवर गोडार्ड - 58 इनिंग्स
जॉन कैंपबेल - 50 इनिंग्स
डैरेन गंगा - 44 इनिंग्स
इमरुल कायेस - 32 इनिंग्स
बॉब सिम्पसन - 31 इनिंग्स

19 साल में भारत के खिलाफ शतक लगाने वाले वेस्टइंडीज के पहले सलामी बल्लेबाज

इस बीच जॉन कैंपबेल 19 साल में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में शतक लगाने वाले वेस्टइंडीज के पहले सलामी बल्लेबाज बन गए हैं। मौजूदा टेस्ट मैच में कमेंट्री कर रहे डैरेन गंगा ऐसा करने वाले आखिरी सलामी बल्लेबाज थे, जिन्होंने 2006 में 135 रन बनाए थे। इसके अलावा कैंपबेल कैरेबियाई देशों के पहले सलामी बल्लेबाज हैं जिन्होंने भारत के खिलाफ भारत में टेस्ट शतक लगाया है। इससे पहले वेवेल हिंड्स 2002 में कोलकाता के ईडन गार्डन्स में ऐसा करने वाले आखिरी बल्लेबाज थे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने तीसरे विकेट के लिए शाई होप के साथ 177 रन भी जोड़े, जिससे वेस्टइंडीज के लिए भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में 150+ साझेदारियों का 14 साल का सूखा खत्म हुआ।